संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 203 सोमवार 26 मई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मोदी बोले...सेना के पराक्रम पर पूरे देश को गर्व

**नई दिल्ली,25 मई 2025 (ए)।** मन की बात प्रोग्राम के 122 वें एपिसोड में लोगों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है,गुस्से से भरा है,लेकिन दृढ़ है। आज हर भारतवासी का संकल्प है कि आतंकवाद को खत्म करना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं द्वारा दिखाई गई बहादुरी ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया आत्मविश्वास और उत्साह भरा है। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर और कई अन्य शहरों में उस दौरान पैदा हुए बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है।




### सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट करना,असाधारण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी सेना ने जिस सटीकता के साथ सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट किया,वह असाधारण है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है; यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देशभक्ति की भावना से भर दिया है और इसे तिरंगे के रंग में रंग दिया है। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि देश के कई शहरों, गांवों और छोटे शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हजारों लोग तिरंगा थामे, देश की सेनाओं के प्रति सम्मान और आदर प्रकट करने के लिए निकल पड़े। कई शहरों में बड़ी संख्या में युवा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए एकत्र हुए। हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियो वायरल हुए।

### वोकल फॉर लोकल को लेकर एक नई ऊर्जा दिखाई दे रही...

पीएम मोदी ने कहा,हमारे सैनिकों ने आतंक के ठिकानों को नष्ट कर दिया,यह उनका अदम्य साहस था,साथ ही भारत में बने हथियारों,उपकरणों और तकनीक की शक्ति भी थी। इस अभियान के बाद, पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर एक नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। एक अभिभावक ने कहा,अब हम अपने बच्चों के लिए भारत में बने खिलौने ही खरीदेंगे। देशभक्ति की भावना बचपन से ही शुरू हो जाएगी। कुछ परिवारों ने संकल्प लिया है,हम अपनी अगली छुट्टियां देश की किसी खूबसूरत जगह पर बिताएंगे। कई युवाओं ने भारत में शादी करने का संकल्प लिया है; किसी ने यह भी कहा,अब हम जो भी उपहार देंगे,वह किसी भारतीय कारीगर द्वारा बनाया जाएगा।

### गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई...

पीएम मोदी ने कहा अब मैं शेरों से जुड़ी एक अच्छी खबर आपसे साझा करना चाहता हूं। सिर्फ पिछले पांच सालों में,गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। शेरों की गणना के बाद सामने आई शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहवर्धक है। आप में से बहुत से लोग सोच रहे होंगे कि ये पशुगणना कैसे होती है! ये बहुत चुनौतीपूर्ण काम है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि शेरों की गणना 11 जिलों में, 35 हजार वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में की गई थी। गणना के लिए टीमों ने इन इलाकों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी। इस पूरे अभियान में सत्यापन और क्रॉस सत्यापन दोनों ही किया गया। उन्होंने कहा, एशियाई शेरों की आबादी में वृद्धि दर्शाती है कि जब समाज में स्वामित्व की भावना मजबूत होती है,तो आश्चर्यजनक परिणाम सामने आते हैं। कुछ दशक पहले, गिर में स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन वहां के लोग बदलाव लाने के लिए एकजुट हुए। चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से खूबसूरत कलाकृतियां बनाते हैं जीवन जोशी।

### गढ़चिरौली के कटेझारी गांव में पहले कभी बस नहीं चल पाई थी

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा,महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के कटेझारी गांव के लोग सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। इससे पहले यहां कभी बस नहीं चल पाई थी, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। और जब पहली बार बस गांव पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़ा बजाकर उसका स्वागत किया। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के कारण,माओवादी हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी हैं। मैं आपको महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझारी नामक गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार बस पहुंची है।

## महत्वपूर्ण खबर

### दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था,वहां आज है शिक्षा का परचम:पीएम मोदी

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने मन की बात की 122वीं कड़ी में देश के सामने अपनी बातों को रखा। मन की बात की ये कड़ी छत्तीसगढ़ के लिए काफी खास रही। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था,वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब के बारे मे जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों में साइंस का पैशन है और वो खेलों में भी कमाल कर रहे हैं।



### पीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक हुई




#### सीएम साय ने बताया कैसे बना बस्तर संस्कृति,सहभागिता और विकास का मॉडल

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** राजधानी दिल्ली स्थित अशोक होटल में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

### भारत के पास शक्तिशाली बनने के सिवा कोई विकल्प नहीं: मोहन



#### राष्ट्रीय सुरक्षा पर आरएसएस प्रमुख का बड़ा बयान

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर स्पष्ट रूप से कहा कि भारत के पास शक्तिशाली बनने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सरसंघचालक के ये बयान ऐसे वक्त सामने आया जब संघ अपने शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुटा है और हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के खिलाफ सफल कार्रवाई की गई है।

### दिल्ली के ई-चार्जिंग स्टेशन में लगी भीषण आग



#### चार लोग गंभीर रूप से झुलस, दो की मौत

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** रविवार सुबह दिल्ली के शाहदरा में मोती राम रोड पर राम मंदिर के पास एक ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई,जबकि चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जन प्रगति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और संभावित प्रत्याशी की मौत

**मोतिहारी,25 मई 2025(ए)।** बिहार जिले के मोतिहारी में शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। बता दें कि दोनों मृतक राजनीतिक दल से जुड़े लोग थे। यह हादसा एनएच-27 पर हुआ।



## भारतीय नेवी ने समुद्र में डूब रहे लाइबेरियाई जहाज के सभी 24 सदस्यों को बचाया

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** कोच्चि तट पर रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए-3 डूब गया। गनीमत की बात यह रही कि भारतीय तटरक्षक बल ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया। इनमें से 21 को आईसीजी और तीन को भारतीय नौसेना के आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। इसमें 13 खतरनाक माल और 12 कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। इसमें 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था।



केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए,आईसीजी ने प्रदूषण प्रतिक्रिया की पूरी तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस आईसीजी का विमान हवाई निगरानी कर रहा है और प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर आईसीजी जहाज सक्षम मौके पर तैनात हैं।

## चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव की घोषणा कर दी है। 19 जून को मतदान होगा, जबकि 23 जून को मतगणना होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने रविवार को आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर चार राज्यों केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा की है।






## मेडिकल कॉलेज में फॉर्मेलिन गैस लीक से मचा हड़कंप

### भगदड़ में एक मरीज की मौत,प्रशासन ने शुरू की जांच

**शाहजहांपुर,25 मई 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर स्थित पंडित राम प्रसाद बिस्मिल राजकीय मेडिकल कॉलेज में रविवार शाम फॉर्मेलिन गैस लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। गैस की तीव्र दुर्गंध और सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसके चलते एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि, जिला प्रशासन और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने मौत का कारण भगदड़ को मानने से इनकार किया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## चर्चा में कट्टे वाली भाभी

**मुजफ्फरपुर,25 मई 2025 (ए)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है,जहां एक महिला का देसी कट्टा (स्थानीय देशी हथियार) लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला खुलेआम हथियार के साथ दिखाई दे रही है,जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह वीडियो किस उद्देश्य से और किस परिस्थिति में बनाया गया, यह अभी स्पष्ट नहीं है।



## लालू यादव ने बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से 6 साल के लिए किया निष्कासित



**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** राजद प्रमुख लालू यादव ने बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। उन्होंने बीते दिन अपने रिलेशनशिप का ऐलान किया था। तेजप्रताप यादव ने अपनी अनुष्का यादव नाम की गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीर शेयर की थी। बाद में उन्होंने कई बार अपने सोशल मीडिया पोस्ट रिवाइज किया और बाद में कहा कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था। लालू यादव ने कहा,निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं।अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।



## दो नई ट्रेनों को आज हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली,25 मई 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें एक ट्रेन वंदे भारत भी शामिल है। अपने गुजरात दौरे के दौरान पीएम मोदी सोमवार को दाहोद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दो ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे। इस मामले की अधिक जानकारी देते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा, दो नई ट्रेनों का उद्घाटन पीएम मोदी द्वारा किया जाएगा।

## ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन का बड़ा ऐलान...

### भारत की धरती में नहीं दफनाए जाएंगे आतंकवादी

**ग्वालियर,25 मई 2025 (ए)।** ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख डॉ. उमर अहमद इलियासी ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में मारे गए आतंकियों की न जनाजे की नमाज पढ़ी जाएगी और न ही उन्हें भारत की धरती में दफनाया जाएगा। आतंकियों को शैतान बताया और कहा कि उनके साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो संगठन इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद साहब जैसे पाक शब्दों का इस्तेमाल कर आतंक फैला रहे हैं, उन्हें ये शब्द हटा लेने चाहिए। भारत कोई धर्मशाला नहीं है, सरकार को अवैध रूप से बसे पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बाहर करना चाहिए।इलियासी ने लव जिहाद को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो शादी समाज में होती हैं, उनमें बरकत होती है। जिहाद जैसे शब्द ही नापाक हैं, जिन शादियों से फसाद फैलता हो, उससे बचना चाहिए। परहेज करना चाहिए। नाम व पहचान छुपाकर ऐसे कामों को नहीं करना चाहिए। समाज में अच्छे लोग ज्यादा होते हैं, और बुरे लोग कम होते हैं। आतंकी संगठन अपने नाम से इस्लाम और मोहम्मद जैसे पाक शब्द भी हटाएं।



## बेरहमी से रेप के बाद निकाल दी महिला की बच्चेदानी

» दरिंदों की करतूत जानकर कांप उठेगी रूह...

» 45 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद शारीरिक अंगों को क्षतिग्रस्त किया गया...

» महिला की बच्चादानी बाहर निकली हालत में मिली, लोहे या लकड़ी की रॉड डालने की आशंका...



» दो आरोपी हिरासत में,हरि पालवी और सुनील धुर्वे से पुलिस कर रही है सघन पूछताछ...

**खंडवा,25 मई 2025(ए)।** प्रदेश के आदिवासी अंचल खंडवा से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल यहां 45 साल की महिला के साथ गैंगरेप हुआ है। दरिंदों ने महिला के साथ इतनी बेरहमी से इस घटना को अंजाम दिया है कि जानकर आपकी रूह कांप जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने रेप के बाद महिला की बच्चेदारी निकाल दी जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामला खंडवा थाना क्षेत्र के रोशनी चौकी का है, जहां 45 साल की महिला संदिग्ध हालत में पड़ोस में रहने वाले हरी पालवी के घर पर मिली। वहीं, जब पीड़ित महिला की बेटी उसे खोजते हुए पड़ोसी के घर पर पहुंची तो मां की हालत देखकर दंग रह गई। मां को खून से लथपथ अर्धनग्न हालत में देखकर बेटी ने तूरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया।

## सड़क पर संबंध बनाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

### सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम के कर्मचारियों ने वीडियो देख की ये डिमांड,मना करने पर कर दिया वायरल

**भोपाल,25 मई 2025(ए)।** आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के छह दिन बाद पुलिस ने रविवार को भाजपा नेता मनोहरलाल धाकड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने धाकड़ से तीन घंटे तक पूछताछ की, फिर पुलिस धाकड़ को एक्सप्रेसवे पर ले गई। इधर, एनएचएआई अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में काम कर रहे तीन कर्मचारियों को हटाने की कार्रवाई की है। आरोप है कि कर्मचारियों ने वीडियो के बदले पैसे की मांग की और जब पैसे नहीं दिए गए तो वीडियो वायरल कर दिया गया।



# संपादकीय

## अमर्यादित और भद्दी टिप्पणी

भारत के लोकतांत्रिक-राजनीतिक-सामाजिक जीवन में कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं,या ऐसे दृश्य सामने आते हैं,जिनसे प्रतीत होता है कि यहां कानून का शासन अभी तक ठीक से लागू नहीं हो पाया है। अगर सच में ऐसा है तो कह सकते हैं कि देश में लोकतंत्र अपनी जड़ें जमा नहीं पाया है।भारत ही नहीं,एशिया-अफ्रीका के प्रायः सभी विकासशील देशों का हाल एक जैसा है। माना जाता है कि कानून का राज लोकतंत्र की सबसे अनिवार्य शतरे में से एक है। अगर किसी लोकतांत्रिक देश की प्रशासनिक मशीनरी कानून के राज को विफल करने का प्रयास करती है,तो लोगों का लोकतंत्र से विास डगमगाने लगता है। मध्य प्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह का मामला इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के बार में जिस तरह की अमर्यादित और भद्दी टिप्पणी की उससे पूरा देश स्तब्ध है और आक्रोश में भी है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने विजय शाह की टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया लेकिन पुलिस प्रशासन ने मंत्री महोदय को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया।कहने की आवश्यकता नहीं है कि मंत्री शाह की जगह कोई आम आदमी होता तो पुलिस उसका क्या हाल बनाती। उनकी राजनीतिक पार्टी भाजपा भी इस मामले में खामोश है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता उनके बचाव में जो तर्क दे रहे हैं, वे भी कम हास्यास्पद नहीं हैं। कहा जा रहा है कि यह आपराधिक मामला है, इसलिए अदालत कार्रवाई करेगी यानी पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने मंत्री महोदय के माफी मांगे जाने को घड़ियाली आंसू या कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास बता कर खारिज कर दिया और उनके खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस को स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया।टीम गठित भी हो गई है जो विजय शाह के बयानों की जांच करेगी। आजकल राजनीतिज्ञों में यह भी चलन आम हो गया है कि पहले विवादित बयान दो और जब उसकी आलोचना होने लगे तो माफी मांग लो या यह कह दो कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है या लगे हाथ अपने राजनीतिक विरोधियों द्वारा अपने खिलाफ रचाई गई साजिश बता कर अपने बयान से पल्ला झाड़ लो। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के सख्त रुख से लगता है कि मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।।

अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती,वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट,नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।

भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना,वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है।

इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है।

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्काड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रूप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं।

रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा।

शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया। भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती है। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर,आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर,जज एडवोकेट जनरल ब्रांच,इंजीनियर कोर, सिगनल कोर,इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर,इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस,आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं।परमानेंट कमिशन के बाद महिला अधिकारी इंडियन आर्मी के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल आर्टिलरी का हिस्सा बनने लगी है। सेना आर्टिलरी की लगभग 300 रेजिमेंट और लगभग 5,000 अधिकारी हैं। आर्टिलरी में शामिल महिला अधिकारियों की बोफोर्स, होवित्जर, के-9 वज्र जैसी तोपों पर भी 2023 में तैनाती की अनुमति दी जा चुकी है। वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी। इसके जरिए महिलाओं को हथियारों व अन्य सेवाओं में समान अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोहन सरकार के नवाचार कृषि क्षेत्र में ला रहे हैं बदलाव



हर्षवर्धन पाण्डे
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में कई नवाचारों और नीतियों को लागू करके राज्य को कृषि क्षेत्र में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने,खेती को लाभकारी बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन नीतियों में कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, सिंचाई के बेहतर संसाधनों की उपलब्धता और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिए अनेक पहल की गई है । मोहन सरकार ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए जैविक और पारम्परिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं इस बात पर बल दिया है कि जैविक खेती न केवल एक उत्पादन विधि है, बल्कि यह किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में वर्तमान वर्ष में लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती का कार्यक्रम चल रहा है और आगामी वर्षों में इसे 5 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है।

जैविक कृषि को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदेश में मटर, सोयाबीन, तुअर दाल और आलू जैसे फसलों का उत्पादन में राज्य में तेजी आई है और इन उत्पादों का निर्यात भी काफी बढ़ा है जिसने किसानों की आय में वृद्धि के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए मोहन सरकार ने सौर पंप योजना को बेहतर तरीके से लागू किया है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा करने पर सौर पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अगले तीन वर्षों में 32 लाख सौर पंप वितरित करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा उत्पादित अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीदेगी जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। यह योजना न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी, बल्कि किसानों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगी। मध्यप्रदेश में बीते डेढ़ वर्ष में कृषि मंडियों का आधुनिकीकरण,विपणन और भंडारण की सुविधाओं में भी बड़ा सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किसानों के उत्पादों को बेहतर दाम दिलवाने के लिए कृषि मंडियों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं में विस्तार किया है जिससे किसानों को अपनी उपज को बाजार में बेहतर मूल्य पर बेचने का अवसर मिल रहा है। नई जरूरतों के मुताबिक अब अलग-अलग मंडियों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की कृषि मंडियों को आदर्श बनाने के निर्देश दिए हैं। मंडियों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने से लेकर उनके प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। मंडी शुल्क का उपयोग किसानों की कल्याणकारी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है साथ ही फल, सब्ज और मसाला मंडियों की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा,राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी विशेष ध्यान दिया गया है जिससे किसानों को उचित लाभ मिल रहा है।इन प्रयासों से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोहन यादव ने किसान कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं जिनमें कृषि ऋण, बीमा और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से किसानों को वित्तीय मदद मिल रही है जिसने उन्हें खेती में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का उपयोग करने की सुविधा प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गेहूं उत्पादक किसानों को भी समर्थन मूल्य 2425 रुपये के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल की बोनस राशि दी जायेगी जिससे लगभग 1400 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का लाभ होगा। साथ ही गेहूं के उपार्जन पर प्रति क्विंटल 2600 रुपये की राशि मिलेगी। इस वर्ष प्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन अनुमानित है। एमपी की मोहन सरकार ने श्रीअन्न (मिलेट्स) और विशेष फसलों को प्रोत्साहन देने की दिशा में कई बड़े कदम उठाए हैं। सरकार ने घोषणा की है कि वह किसानों से श्रीअन्न की खरीद करेगी,जिससे इन फसलों का उत्पादन बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, विशेष फसलों को भौगोलिक संकेतक जीआई टैग प्रदान करने की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है, ताकि मध्यप्रदेश की फसलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में नई पहचान मिले। राज्य सरकार ने प्रदेश के हर संभाग में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों में कृषि आधारित उद्योगों में निवेश पर जोर दिया जा रहा है। अप्रैल माह मेंमंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को कृषि के आधुनिक यंत्रों और तकनीक से अवगत कराया गया। जिसके बाद अब 26 मई को नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम का आयोजन होने जा रहा है जिसका शुभारम्भ उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के माध्यम से होगा। मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम नरसिंहपुर का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उद्योग इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र एवं आशय पत्रों का वितरण भी होगा।इस तरह के इन समागमों के माध्यम से किसानों को अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। नरसिंहपुर के बाद 8 से 10 जून 2025 तक सतना में विशाल कृषि मेले सह कृषक सम्मेलन भी आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री मोहन स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में एक किसान सम्मेलन में कहा, हमारा लक्ष्य है कि किसानों की आय दोगुनी हो और वे आत्मनिर्भर बनें। इसके लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मोहन सरकार के किसान-हितैषी नवाचार कृषि क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, जिससे न केवल किसानों का जीवन स्तर सुधरेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

# अनुसूचित जाति की स्थिति आज भी अछूत जैसी

आजादी के बाद बापू का सपना था कि समाज में अनुसूचित जाति को समान अधिकार दिलाएंगे क्योंकि समाज में उनकी स्थिति आज भी अछूत जैसी है। इनके साथ अपराध के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। वे खुले रूप से मंदिर में नहीं जा सकते।अपने बेटा-बेटी की शादी डोली या घोड़ी में बिठा कर नहीं कर सकते। यदि किसी ने हिम्मत भी की होगी तो उच्च वर्ग के लोगों ने उन्हें प्रताड़ित किया। आज भी उन्हें गांव में जल स्रोतों के पास पानी भरने के लिए तब तक इंतजार करना पड़ता है, जब तक उच्च वर्ग के लोग वहां से पानी लेकर घर नहीं पहुंच जाते।देश में बहुत सारी योजनाएं दलितों के नाम पर संचालित हो रही हैं, लेकिन अधिकांश दलित समाज को पता नहीं है कि उनके लिए किस तरह से केंद्र और राज्यों में आर्थिक संसाधनों को उपलब्ध किया जा रहा है। उनमें से किसी के पास जानकारी होगी भी तो आसानी से उन्हें मदद नहीं मिल पाती। सत्ता और राजनीति भी ऐसी है कि आरक्षण के नाम पर चुने हुए जनप्रतिनिधि भी उपेक्षा महसूस करते हैं। अपने ही दलों के अंदर बड़े नेता उनका अपमान करने पर आमादा रहते हैं। अनुसूचित जाति के साथ इस तरह के अत्याचार का प्रमुख कारण है कि उच्च वर्ग की मानसिकता में अभी इतना परिवर्तन नहीं हो पाया है कि जो शरीर, रक्त, हाथ-पैर, आंखें, दिमाग,सोचने-समझने की कला और एक जगह से दूसरे जगह जाने की हिम्मत उनमें है, वही दलित वर्ग में भी मौजूद है। जिस दिन उच्च वर्ग के हृदय में यह परिवर्तन हो गया तो समझ लीजिए कि उसके बाद से ही दलितों पर अत्याचार कम हो सकते हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान में आरक्षण भी इसीलिए रखवाया ताकि उन्हें हर स्तर पर उनकी निश्चित जनसंख्या के आधार पर अधिकार मिलें और वे हीन भावना से आगे निकल सकें।आज आरक्षण का विरोध भी कई राजनीतिक दलों के लोग स्वर्ण मानसिकता के कारण ही करते हैं क्योंकि सोचते हैं कि दलित वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी में आने की क्या जरूरत है? जो लोग वर्षो तक उनकी खेतीबाड़ी का काम करते रहे, कृषि के औजार बनाते रहे, पैरों को सुख देने वाले जूते बनाते रहे, सुंदर डिजाइन के कपड़े सिलते रहे, खाने पकाने के बर्तन बनाते रहे, भवन और मंदिर निर्माण के शिल्पी रहे आज ये सारे काम पूंजीपतियों और कॉरपोरेट के पास चले गए हैं। इस कारण उनमें रोजगार संकट बढ़ गया है, जबकि दलित भी उसी पर्यावरण में रहते हैं, जिसमें समाज के अन्य सभी वग जीवन यापन करते हैं।जब शोषित, उपेक्षित वर्ग के पढ़े-लिखे युवक-युवतियां कहीं सरकारी नौकरी में दिखाई देते हैं,तो वहां भी उन्हें दलित वर्ग में पैदा होने का अहसास होता है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि सरकारी,गैर-सरकारी और अन्य सभी कामकाज में यदि कहीं दलित वर्ग की हिस्सेदारी है, तो समझ लीजिए कि वहां पर भी समाज स्वर्ण और अवर्ण में विभक्त दिखाई देता है। आजादी के बाद समाज में इस विषमता को दूर करने के लिए लगभग दो दशक तक गांधी विचार के अनुयायियों और सत्ता पक्ष के प्रतिनिधियों ने मिल कर अछूतों को मंदिर प्रवेश करवाने का काम किया।

-सुरेश भाई-

# बदलता भारत और विश्व में हमारी नई पहचान



कमलेश झा
शिव दुर्गा विहार
फरीदाबाद हरियाणा




भारत–एक ऐसा देश जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता में हैं और जिसकी शाखाएँ अब 21वीं सदी के वैश्विक मंच पर लहराने लगी हैं। आज का भारत न केवल बदलाव के दौर से गुजर रहा है,बल्कि वह बदलाव का वाहक बन चुका है। विज्ञान, तकनीक,राजनीति,संस्कृति और आध्यात्म के क्षेत्र में भारत ने विश्व को अपनी एक सशक्त और आत्मनिर्भरता वाली पहचान दी है।

आज का भारत एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। जहां कभी विकासशील देशों की सूची में गिना जाने वाला भारत था, वहीं आज वह वैश्विक राजनीति,अर्थव्यवस्था,विज्ञान, तकनीक और संस्कृति के क्षेत्रों में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहा है। बदलता भारत अब केवल एक वाक्य नहीं,बल्कि विश्व मंच पर उभरती हुई एक वास्तविकता है।

### भारत-एक नई दृष्टि,एक नई दिशा

जहां एक समय भारत को गरीब और पिछड़े देश की दृष्टि से देखा जाता था,वहीं अब वह डिजिटल सुपरपावर,'स्पेस लीडर,और'ग्लोबल डिप्लोमेसी का सेंटर'बन चुका है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हो या प्रतिशत-20 की अध्यक्षता–भारत ने पूरे विश्व को यह जता दिया है कि अब वह केवल 'भागीदार' नहीं, बल्कि 'निर्माता' है।

### आत्मनिर्भर भारत:देश से विश्व तक की यात्रा

'आत्मनिर्भर भारत' का सपना अब योजना से यथार्थ बनता जा रहा है। मेड-इन-इंडिया रक्षा उपकरण,डिजिटल पेमेंट सिस्टम,और लोकल से ग्लोबल तक पहुंचती स्टार्टअप कंपनियाँ भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान और नेतृत्व दोनों दिला रही हैं।

### हमारी संस्कृति, हमारी शक्ति

भारत की संस्कृति, योग, आयुर्वेद,संगीत,साहित्य और वसुधैव कुटुंबकम् की भावना आज पूरी दुनिया में सम्मानित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हो या विश्वभर में मनाया जाने वाला दीपावली उत्सव–भारत अब केवल भूगोल नहीं, एक वैश्विक भाव बन चुका है।

### कूटनीतिक दबदबा

जी 20 की अध्यक्षता,ब्रिक्स, क्वाड जैसे मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका उसके वैश्विक नेतृत्व की पुष्टि करती है। विश्व समस्याओं पर भारत की संतुलित राय अब गंभीरता से सुनी जाती है।

### सैन्य सशक्तिकरण

आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा क्षेत्र में भी देश तेजी से आत्मनिर्भर हो रहा है। भारतीय सेना की शक्ति और सीमा सुरक्षा की सजगता अब वैश्विक पटल पर चर्चा का विषय है।

### युवा शक्ति:हमारी असली पहचान

भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा जनसंख्या है। ये युवा नए आइडिया,इनोवेशन और ऊर्जा से भरे हुए हैं। तकनीकी स्टार्टअप्स, स्पेस रिसर्च, हेल्थ टेक, और एआई जैसे क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की भागीदारी हमारी नई पहचान को मजबूती देती है।

### भारत की वैश्विक भूमिका:शांति का पथप्रदर्शक

यूक्रेन संकट से लेकर वैश्विक महामारी तक,भारत ने हर बार शांति,सहयोग और संतुलन की भूमिका निभाई। यहां तक की हम हमारे दुष्ट पड़ोसी को भी समय समय पर क्षमा करते रहते हैं। वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र के साथ भारत ने यह सिद्ध किया है कि शक्ति और शांति, दोनों साथ चल सकते हैं।

आज का भारत केवल बदल नहीं रहा,नई पहचान गढ़ रहा है–एक ऐसी पहचान जो आत्मबल,सांस्कृतिक गर्व और वैश्विक उत्तरदायित्व से जुड़ी है। अब समय आ गया है कि हम सब इस बदलाव के भागीदार बनें और अपने भारत को सिर्फ 'विश्व में'नहीं,बल्कि 'विश्व के केंद्र में' केंद्रबिंदु बना देखें। नव भारत की नव पहचान,अब विश्व गुरु का राह आसान

## कविता
## वर्तमान की है सत्यता...

घटती-घटना



सुरेश मानिकपुरी
खरसिया,रायगढ़
छत्तीसगढ़

वर्तमान की है सत्यता,
समाज में अराजकता पसर रहा।
सुरा-पान में लिप्त पीढ़ी,
पाश्चात्य शैली का असर रहा।
देख तरूण का दुर्दशा,
मन व्यथित होता है।
चाकरी को दर-दर भटके,
डिग्री ले रोता है।
मर्यादा की तोड़ती सीमा रेखा,
चलित दूरभाष यंत्र का खेला है।
सु संस्कार को कर पीछे,
रंग रंगलियों का मेला है।
रिश्तो में बढ़ रही दूरियां,
एकाकी पन का पीड़ा है।
अंतकाल को हुए तिरस्कृत,
वृद्धा आश्रम उठा रहा बीड़ा है।
प्रजातंत्र की सुंदर काया,
चमक रहा है श्वेत पोषाकों पर।
शोषित निरीह प्राणी जस,
सहज आ जाते हैं झांसो पर।
छल,कपट,घृणा,द्वेष,
घोषित हो रहा है मन में।
एक दूसरे को नीचा दिखाने,
धनबल अस्त्र बना है जन में।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक



# झीरम घाटी हमला मात्र नक्सली हमला न होकर एक षडयंत्र था : टीएस सिंह देव




- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।

झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं और उनके सुरक्षा कर्मियों की 12 वीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि झीरम घाटी हमला मात्र नक्सली हमला न होकर एक षडयंत्र था जिसका उद्देश्य कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष स्व नंदकुमार पटेल की हत्या थी। 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला हुआ था। इस हमले में कांग्रेस के 14 नेताओं उनके सुरक्षकर्मियो सहित 33 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इसमें कांग्रेस के कद्दावर नेता पंडित विद्याचरण शुक्ल, नंद कुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार,योगेंद्र शर्मा,दिनेश पटेल आदि थे। उस समय तत्कालीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष स्व नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा का कार्यक्रम कर रही थी जिसके प्रभारी पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव थे। घटना दिनांक को परिवर्तन यात्रा सुकमा में सभा उपरांत जगदलपुर की ओर लौट रही थी तभी नक्सलियों ने दरभा के झीरम घाटी में यात्रा पर हमला कर कांग्रेस नेताओं सहित 33 लोगों की हत्या कर दी थी। झीरम घाटी हमलों की बरसी पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री ने पूरी घटना को सिलसिलेवार ढंग से बतलाने के बाद उन पहलुओं का खुलासा किया जो 25 मई 2013 की घटना में एक गहरे षडयंत्र की ओर इशारा कर रहे थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक एवं बस्तर कांग्रेस के नेता राजेश तिवारी सुकमा में परिवर्तन रैली के रवाना होने के कुछ समय पूर्व अगले सभा की तैयारियों के लिए वहाँ से वापस निकल गए थे। उस दौरान उन्होंने पूरे मार्ग में कहीं भी सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं देखा था। जबकि प्रशासन को रूट की जानकारी दी गई थी। प्रशासन के पास इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के कई इनपुट होने के बावजूद ऐसा नहीं होना आश्चर्यजनक था। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि नक्सलियों ने हमलों के दौरान कई बार स्व नंदकुमार पटेल के बारे में पूछताछ कर उनकी पहचाना की और उसके बाद उन्हें और उनके पुत्र को अलग जंगल में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। वास्तव में हमला स्व नंद कुमार पटेल को लक्ष्य कर किया गया था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 2013 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते स्व नंदकुमार पटेल का मुख्यमंत्री बनना तय था। कोई था जो नहीं चाहता था कि वो मुख्यमंत्री न बने। इसी उद्देश्य से झीरम हमलों की सुनियोजित साजिश रची गई। उन्होंनें एनआईए जाँच के लिये तय बिंदुओं को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने एनआईए की जांच के लिये यह बिंदु ही तय नहीं किया कि यह घटना कैसे हुई,इस घटना की चूक का जिम्मेदार कौन था,नक्सली मूवमेंट की सूचना के बावजूद सुरक्षा बंदोबस्त क्यों नहीं थे। घटना के षडयंत्र को जानने के लिए इन बिंदुओं पर जांच करवाने के बजाय राज्य सरकार ने एनआईए को भविष्य में ऐसी घटना न हो को जांच का मुख्य बिंदु बनाया गया। लाख प्रयास के बावजूद भी आजतक एनआईए की रिपोर्ट राज्य सरकार को नहीं सौपना अनेक शंकाओ को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि वे परिवर्तन यात्रा के प्रभारी थे, लेकिन कभी भी एनआईए के द्वारा उन्हें पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जाना आश्चर्यजनक है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने भी झीरम हमलों और परिवर्तन यात्रा के राजनीतिक प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा को हेमंत सिन्हा,मो इस्लाम,शैलेंद्र प्रताप सिंह,मदन जायसवाल,अशफाक अली,लोकेश पासवान,मिथुन सिंह और अमित वर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम एवं व्यवस्था का संचालन अमित तिवारी एवं निक्की खान के द्वारा किया गया।

सभा मे शफीक खान, दुर्गेश गुप्ता,अनिल सिंह, अतुल तिवारी,विनोद एक्का,हरभजन भामरा,राशिद अहमद, मेराज गुड्डू,जमील खान,नरेन्द्र विश्वकर्मा, काजू खान,संजय सिंह, रजनीश सिंह,अविनाश कुमार, विकास केशरी,मो रियाजुल,मो सिराजुद्दीन, तरणराज बाबरा,सोहन जायसवाल, हनुमान सिंह,बैजनाथ ठाकुर,बिज्जू गुप्ता,दुर्गा गुप्ता,सावित्री ठाकुर,साधना कश्यप,मंजू सिंह, अमित सिन्हा,राजेश पांडे,कृष्ण मुरारी शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



## 1 हजार वोल्ट की चपेट में आया मजदूर,सूरजपुर बिजली विभाग की लापरवाही से झुलसी ज़िंदगी



- संवाददाता -
सूरजपुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।

जिले के सरना पारा में शनिवार की दोपहर एक ह्रदयविदारक हादसा हुआ,जिसने न केवल एक मेहनतकश मजदूर की ज़िंदगी को संकट में डाल दिया,बल्कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही की पोल भी खोल दी। 11,000 वोल्ट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर बुरी तरह झुलस गया, जिसे गम्भीर अवस्था में जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है अगर आप वीडियो देख लिए तो आपके अंदर का आत्मा कांप जाएगा।

### कैसे हुआ हादसा ?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरडीएसएस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बाहर की एक कंपनी द्वारा कार्य कराया जा रहा था। कार्यस्थल पर न तो सुरक्षा मानकों का पालन किया गया और न ही हाई वोल्टेज लाइन को बंद कराया गया। मजदूर जैसे ही कार्य में जुटा, वह 11 हजार वोल्ट की करंट की चपेट में आ गया।

## फर्जी जमीन बताकर शिक्षिका से 25 लाख की ठगी,आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।

फर्जी जमीन दिखाकर शिक्षिका से 25 लाख रुपए ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। शिक्षिका ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। मामले में पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोनिका तिर्की पति अनिल तिर्की मूल निवास ग्राम चिराईपाट थाना कुसमी जिला बलरामपुर की रहने वाली है। वह शिक्षिका है और अंबिकापुर खैरबार प्राथमिक शाला अमेराडुगु में पदस्थ है।




वह कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस को बताया है कि मेरे पति सरकारी नौकरी में अम्बिकापुर में ही पदस्थ हैं,एवं बच्चे भी अम्बिकापुर में अध्ययनरत हैं। इस कारण अम्बिकापुर में मकान निमार्ण कराना चाहती थी। शिक्षिका की पहचान खैरबार के ही अजय केरकेट्टा से थी। वह जमीन खरीदने के लिए अजय से चर्चा की थी। वर्ष 2022 में अजय केरकेट्टा अपने साथी संदीप लकड़ा से शिक्षिका को मिलवाया था। संदीप ने अपना स्वामित्व की 35 डिसमील जमीन अजिरमा में होना शिक्षिका को बताया था। और उसे बिक्री करने की बात कही थी। इसके लिए 45 हजार रुपए प्रति डिसमील से सौदा तय हुआ था। संदीप लकड़ा ने आवश्यकता बताकर शिक्षिका से पहले ढाई लाख रुपए लिए थे। और इसका अनुबंध भी किया था। इसके बाद संदीप ने मां व पत्नी का स्वास्थ्य अधिक खराब होने की बात कह कर शिक्षिका से अलग-अलग तिथि व अलग-अलग बैंक खातों में कुल 25 लाख रुपए ले लिया। इस दौरान संदीप ने शिक्षिका को बताया था कि अजिरमा के अलावा भगवानपुर में भी जमीन होना बताया था। 25 लाख रुपए लेने के बाद रजिस्ट्री करने के लिए संदीप लकड़ा टाल मटोल कर रहा था। संदीप लकड़ा जमीन रजिस्ट्री करने के लिए टाल मटोल करता रहा। इसके बाद शिक्षिका ने उसके गांव सिंगीटाना जाकर पता की तो पता चला की उसके नाम से न तो अजिरमा में और न ही भगवानपुर में जमीन है। इसके बाद शिक्षिका ने आरोपी संदीप लकड़ा पिता समयलाल उम्र 31 वर्ष निवासी सिंगीटाना थाना लखनपुर के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




## सडक़ हादसे में घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।

शहर से लगे लालमाटी के पास शनिवार की रात बाइक सवार युवक सडक़ हादसे में घायल हो गया था। डायल 112 द्वारा उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगल साय पिता स्व. रति राम उम्र 26 वर्ष बगीचा थाना क्षेत्र के गाम कुटमा का रहने वाला था। वह 24 मई की रात को घर से गांव में ही दुकान जाने की बात कहकर निकला था। रात करीब 1.30 बजे डायल 112 के स्टाफ द्वारा मंगल के जीजी के मोबाइल पर फोन कर जानकारी दी गई कि मंगल साय का अंबिकापुर लालमाटी के पास सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जा रहे हैं। सूचना पर परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। तब तक मंगल की मौत

## दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

» थाना बतौली पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» पीड़िता के फुफेरा भाई द्वारा घटना को दिया गया अंजाम




- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर थाना/चौकी में पंजीबद्ध प्रकरणों के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में थाना बतौली पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही/गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है,कि प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। कि उसकी पीड़िता चचेरी बहन पढ़ाई छोड़कर घर में ही अपने दादा-दादी के साथ रहती है, उसके द्वारा बताया गया कि माह मार्च 2025 में उसकी पीड़िता चचेरी बहन अपने भाभी के साथ थाना बतौली क्षेत्रार्न्तंगत स्थित गांव गई हुई थी, साथ में उसका आरोपी फुफेरा भाई भी गया हुआ था। आरोपी फुफेरा भाई द्वारा रात्रि करीब 09 बजे लगभग पीड़िता को बोला कि चलो घर से बाहर कहीं घुम के आते हैं,आरोपी द्वारा पीड़िता को घुमाने ले जाने के बहाने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर कुंआ स्थित खेत पर ले गया। जहां आरोपी फुफेरा भाई द्वारा पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म को अंजाम दिया गया है। उसके बाद हाल ही में आरोपी फुफेरा भाई के द्वारा पुनः पीड़िता को गलत काम करने के लिए बोला जिससे पीड़िता काफी परेशान है। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया, आरोपी जय मिंज उर्फ छोटे भंटा उर्फ नटवा,उम्र 19 वर्ष निवासी कांतिप्रकाशपुर, नहरपारा थाना कोतवाली अम्बिकापुर को तलब कर पूछताछ किया गया जो घटना कारित करना स्वीकार किया,जिसके विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही/गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बतौली उनि सी.पी.तिवारी, उनि रम्भा साहू, सउनि संजय गुप्ता, प्रआर देवेन्द्र सिंह,आरक्षक राजेश खलखो,विजय,संतोष बरवा, भगलू राम,महिला आरक्षक मेरी क्लॉरेट, पूनम इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर अंतर्गत रोड रनिंग दौड़ का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।

ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन 05 मई 2025 से प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में रविवार को प्रातः 06:00 बजे से खेलों के द्वारा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रोड रनिंग दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ गांधी स्टेडियम परिसर के बास्केट बॉल ग्राउंड से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, संगम चौक से ब्रम्ह रोड से नमनाकला रोड होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम परिसर में समाप्त हुई। इस दौड़ में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लगभग 300 खिलाड़ी, अभिभावक, कोच तथा आमजनों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री रामकुमार सिंह, व्हालीबॉल संघ से श्री राकेश कुमार मिश्रा एवं श्री संजय सिंह, बास्केटबॉल संघ से श्री राजेश प्रताप सिंह, शतरंज संघ से श्री शेषरतन जायसवाल,फुटबॉल संघ से श्री उल्बुलन संगा,ताईक्वांडो संघ से श्री गन्नू खत्री एवं श्री अमन गुप्ता, योगा से श्री प्रमोद यादव एवं श्री अमर प्रसाद सिंह, श्री संदीप कुमार देवांगन आदि उपस्थित रहे।

## क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने के नाम 64 हजार की ठगी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025(घटती-घटना)।

क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर किराना दुकान व्यवसायी के मोबाइल का स्क्रीन शेरिंग कर 64 हजार 237 रुपए ऑनलाइन ठगी कर ली है। पीड़ित व्यवसायी ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार टेसलाल गुप्ता पिता रविन्द्रनाथ गुप्ता गांधीनगर थाना क्षेत्र के पटेलपारा का रहने वाला है। वह गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया है कि 20 मई को अज्ञात व्यक्ति बैंक का कर्मचारी बताकर इसके मोबाइल पर फोन किया था। वह टेसलाल को बताया कि वर्तमान में जो आपके पास क्रेडिट कार्ड है उसका लिमीट बैंक के तरफ से बढ़ाया जा रहा है। जिसके आपका वीडियो वेरीफिकेशन किया जाएगा। उसके बाद उसने वीडिया काल किया और स्क्रीन शेयरिंग करने को कहा और बोला अपना क्रेडिट कार्ड कैमरे के सामने अपने हाथ पर रखने को बोला टेसलाल ने जैसे ही क्रेडिट कार्ड कैमरे के सामने रखा इसके कुछ देर बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 64 हजार 237 रुपए कट गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा व कबाड़ व्यवसाय के खिलाफ स्थानीय लोगों का फुटा गुस्सा,किया चक्काजाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।



शहर से लगे अम्बिकापुर-मनेंद्रगढ़ मार्ग पर काली घाट क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और जायसवाल ट्रेडिंग कंपनी द्वारा संचालित कबाड़ व्यवसाय के खिलाफ स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए नागरिकों और भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मिलकर नेशनल हाइवे-43 पर चक्काजाम कर दिया। जिससे अंबिकापुर-मनेंद्रगढ़ मार्ग पूरी तरह ठप हो गया। सडक़ पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं,और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। आंदोलनकारियों की मांग थी कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाया जाए और कबाड़ व्यवसाय को तुरंत बंद किया जाए। तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और दो से तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की लिखित आश्वासन दी। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया। बहरहाल यह मामला अब प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। स्थानीय नागरिकों की एकजुटता और आक्रोश ने साफ कर दिया है कि वे अब और लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रशासन की ओर से दी गई तीन दिन की समय सीमा पर सभी की नजरें टिकी हैं। क्या इस बार शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त हो पाएगी,या यह मुद्दा और तूल पकड़ेगा। वहीं जब पड़ताल न्यूज़ की टीम द्वारा अवैध कब्जा भूमि का जा जा लेने पहुंची तो व्यावसायिक द्वारा नियम के विरुद्ध मेडिकल वेस्ट दारू की बोतल कई गैरकानूनी रूप से नाबालिक बच्चों से कार्य कराया जा रहा है और व्यवसाय संचालन किया जा रहा है।



सफलता की कहानी

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहा 5500 रुपये प्रति मानक बोरा का दाम





» ग्रामीणों की अतिरिक्त आमदनी का सशक्त माध्यम बना तेंदूपत्ता संग्रहण

» तेंदूपत्ता संकलन में सरगुजा जिला आगे, अब तक 97.28% लक्ष्य प्राप्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में 'तेंदू पान' के नाम से विख्यात तेंदूपत्ता का संग्रहण ग्रामीण क्षेत्र में कृषि के बाद लघु वनोपज संग्रहण ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आय का एक पूरक स्रोत है। राज्य के लाखों ग्रामीण प्रतिवर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण में करते हैं, जिससे उन्हें खेती के अलावा अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलता है।

## सरकार की पहल बनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा तेंदूपत्ता दर में की गई 1500 रुपये प्रति बोरा वृद्धि ने संग्राहकों को आर्थिक मजबूती दी है। पहले जहां प्रति मानक बोरा की दर 4000 रुपए मिलता था, अब इसे बढ़ाकर 5500 रुपए कर दिया गया है। इस 1500 रुपए की वृद्धि से संग्राहकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इससे वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और ग्रामीण परिवारों को खेती के अतिरिक्त आमदनी का सशक्त स्रोत मिला है।

## तेंदूपत्ता संकलन में सरगुजा जिला आगे, अब तक 97.28% लक्ष्य प्राप्त

जिले में तेंदूपत्ता संग्रगण का कार्य तीव्र गति से जारी है। मिली रिपोर्ट के अनुसार,जिले में कुल 36,200 मानक बोरा के लक्ष्य में से अब तक 35,217.129 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संकलन किया जा चुका है,जो कि कुल लक्ष्य का 97.28% है।

दरिमा क्षेत्र के बरगवां समिति में तेंदूपत्ता बेचने आई श्रीमती फूलेश्वरी ने बताया कि वे 2019 से तेंदूपत्ता संग्रहण कर रही हैं। उनका पूरा परिवार इस कार्य में सहभागी है। खेती-किसानी के साथ-साथ तेंदूपत्ता संग्रहण से उन्हें अच्छी आमदनी हो जाती है। श्रीमती फूलेश्वरी कहती हैं कि पहले की तुलना में अब काफी बेहतर मूल्य मिल रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और अन्य जरूरतों में आर्थिक सहायता मिल जाती है।

तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत और सरकार की ओर से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि न केवल ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बना रही है,बल्कि राज्य की वानिकी अर्थव्यवस्था को भी गति दे रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य हर साल गर्मी के मौसम में होता है और इस दौरान हजारों ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं,जंगलों से तेंदू पत्तों का संग्रहण कर समितियों को बेचती हैं।

राज्य सरकार द्वारा तय की गई 5500 रुपए की नई दर ने न केवल तेंदूपत्ता संग्राहकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया है,बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाया है। तेंदूपत्ता जैसी लघु वनोपज को उचित मूल्य मिलने से वन क्षेत्र से जुड़े लोग आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।

# जिला स्तरीय वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित, जल संरक्षण की ली गई शपथ





- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

जिले में जल संवर्धन एवं जल संरक्षण को लेकर हमर गांव-हमर पानी महाअभियान 31 मई 2025 तक सभी ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जल शपथ, जल सभा, जन जागरूकता रैली तथा श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत मेंड्राखुर्द में जिला स्तरीय वृहद श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन अमृत सरोवर घाट के पास किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ने मिलकर श्रमदान किया और जल संरक्षण की दिशा में अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसौदिया, श्री भारत सिंह सिसौदिया,जनपद अध्यक्ष श्री विक्रम सोनपाकर, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल,जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी,मेंड्राखुर्द,ख़लिबा,डिगमा,कुल्हाड़ी एवं चाठीरमा ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसौदिया ने वर्षा जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने जल बचाओ-जीवन बचाओ का आह्वान करते हुए सभी ग्रामीणों से जल प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल बचाने की ज़िम्मेदारी समाज के हर व्यक्ति की है। जल बचाने के लिए जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि,आप स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और सगे-संबंधियों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें,ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सके।

हमर गांव हमर पानी महाअभियान जिले में जल चेतना जगाने और सामूहिक सहभागिता से जल स्रोतों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है।

# अलग-अलग घटना में सर्पदंश से 2 मासूम बच्ची सहित तीन की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 25 मई 2025
(घटती-घटना)।

अलग-अलग घटना में अविभाजीत सरगुजा में सर्पदंश से दो मासूम बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

पहली घटना बलरामपुर जिले के सामरी पाठ थाना अंतर्गत गोपातू पंचायत के ग्राम बिरहोर पाठ निवासी सुमन नगेशिया की 3 वर्षीय बेटी किरण थी। शनिवार की रात को वह खाट पर सोई थी। खाना खाने के बाद उसके माता-पिता खाट से उठाकर किनारे सुला रहे थे। तभी वह अचानक रोने लगी। क्यों रो रही है सोंचकर परिजन बिस्तर को झाड़े तो उसमें करैत सांप था। देखते ही देखते सांप घर के दीवार किनारे बिल में जा घुसा। इधर परिजन बच्ची के देखे तो उसके बाएं कान के ऊपर काटने का निशान था। निजी वाहन कर उसे इलाज के लिए कुसमी अस्पताल ले गए। यहां जांच कर चिकित्सकों ने उसे मृत घोतषत कर दिया। दूसरी घटना वृजमोहन पंडो सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडोनगर का रहने वाला है। शनिवार को बारिश होने के कारण लाट नहीं था। रात में खाना पिना खाकर वृजमोहन पत्नी सुगबगीया, बेटी मुस्कान व नताशा के साथ जमीन में बिस्तर लगाकर सोया था। सुबह करीब 4 बजे 5 वर्षीय बेटी मुस्कान उठकर बताई कि उसे पैर-हाथ व कमर में दर्द हो रहा है। इसके कुछ देर बाद उसे सांस लेने में दिकत होने लगी और मुंह से झाग निकलना शुरू हो गया। परिजन उसे निजी वाहन से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कतकालो निवासी 60 वर्षीय बनासी पति पवन कुमार शनिवार की रात को पति के साथ खाट में सोई थी। देर रात को वह पति को बताई कि दाएं पैर में कुछ काट दिया है। उसका पति उठकर टॉर्च जलाकर देखा तो बिस्तर में करैत सांप था। वह घटना की जानकारी घर के अन्य सदस्यों को दिया। परिजन पहले सांप को डंडे से मार दिए। इसके बाद पीड़िता को इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल ले गए। यहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन 108 से लेकर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। यहां जांच के दौरान चिकितसकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





# अब हर माह दो दिन मिलेगा गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसवपूर्व परामर्श एवं जांच

**37 स्वास्थ्य केंद्रों पर 1122 गर्भवती महिलाओं को मिला लाभ,213 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाएं चिन्हांकित**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में माह के 9 और 24 तारीख को विशेष प्रसवपूर्व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पहले यह अभियान केवल 9 तारीख को आयोजित होता था, लेकिन अब इसे हर माह दो बार किया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक गर्भवती महिलाओं को लाभ मिल सके।



इस अवसर पर जिले के 37 स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 1122 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। इनमें से 213 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भवती के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं,जबकि शेष 722 महिलाओं को जांच,उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं।

अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं चिन्हांकित उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा दल की तैनाती की गई थी।इस अवसर पर नवापारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की।

## सुरक्षित मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य में सुधार

इस योजना के माध्यम से गर्भावस्था के दूसरे और तीसरे तिमाही की महिलाओं को एनीमिया, उच्च रक्तचाप,मधुमेह जैसी जटिलताओं की पहचान कर समय पर इलाज और परामर्श दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन महिलाओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है जो एएनसी सेवाओं से छूट गई हैं या अधूरी सेवाएं प्राप्त की हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे माह की 9 और 24 तारीख को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# अधिवक्ताओं एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

» सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और देश के 28 उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण,एवं सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 36 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हुए शामिल...



- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने कानूनी ढांचे को सुदृढ़ और आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप पुनः संरेखित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में किया।

सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और देश के 28 उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 36 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य आयोग की कानूनी संरचना को उभरती परिस्थितियों और विधिक चुनौतियों के अनुरूप रूपांतरित करते हुए समन्वय को सुदृढ़ बनाना है। सम्मेलन में गैर-प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण अपनाने और समुचित सुनवाई के अवसर सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

यह एक दिवसीय सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग और देश के प्रमुख विधि विशेषज्ञों के बीच संवाद और विचार-विमर्श का एक प्रभावी मंच बना। यह रणनीतिक पहल भारत में निर्वाचन न्यायशास्त्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार आयोग के विधिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा में आयोग की विधिक टीम की तैयारी,दक्षता और समन्वय विशेकर निर्वाचन कानून, न्यायिक प्रक्रियाओं और विधिक सुधारों से संबंधित पहलुओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस संवाद के माध्यम से आयोग ने न्यायिक मंचों पर अपनी विधिक प्रस्तुति की प्रभावशीलता को और अधिक सशक्त करने का प्रयास किया।

इसके अतिरिक्त, शुक्रवार को आयोग ने नई दिल्ली स्थित IIIDEM में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन भी आयोजित किया। यह सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग की ढूझ पहलों को सशक्त करने एवं एक ठोस रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोग ने वर्ष 2025 में एक नई पहल प्रारंभ की है, जिसके तहत एक एकीकृत डैशबोर्ड 'ECIENET' का डिज़ाइन और विकास किया जा रहा है। यह डैशबोर्ड सभी हितधारकों को विधिक प्रावधानों के दायरे में प्रासंगिक डेटा तक एकल विंडो एक्सेस प्रदान करेगा। यह अभिनव प्रयास आयोग की सभी ICT पहलों को एकीकृत मंच पर लाकर डिजिटल परिवर्तन को गति देगा।

# अन्य प्रदेश के झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ कर रहे खिलवाड़

» हर गांव में झोलाछाप डॉक्टर क्लिनिक खोल कर रहे ग्रामीणों का इलाज

» सीएमओ ने कहा झोलाछाप डॉक्टरों पर की जाएगी कार्रवाई

- मनोज कुमार-
लखनपुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुमति बिना अन्य प्रांतों से आए झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा क्लिनिक संचालित किया जा रहा है। झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीणों का इलाज धड़ल्ले से कर मोटी कमाई कर रहे हैं। कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जहां झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के बाद ग्रामीणों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने के कारण इनके हौसले बुलंद हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से आकर झोला छाप डॉक्टर प्रत्येक गांव में क्लीनिक खोलकर ग्रामीणों का इलाज कर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला लखनपुर विकासखंड के ग्राम पुटा में देखने को मिला जहां उत्तर प्रदेश बनारस से आए युवक जो बिना डिग्री,रजिस्ट्रेशन के किराए के मकान में क्लिनिक खोल उल्टी, दस्त,बुखार,दाद खाज खुजली सहित अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज अपने क्लीनिक और घर-घर जाकर करता है। यही नहीं बिना अनुमति ॥ 1 ड्रग सहित अन्य दवाइयां धड़ल्ले से बिक्री भी करता है। लखनपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई ग्रामों में झोलाछाप डॉक्टर मेडिकल दुकान की आड़ में और क्लीनिक खोलकर ग्रामीणों का इलाज कर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने नाकाम नजर आ रही है अब देखने वाली बात होगी कि इन झोलाछाप डॉक्टरों पर किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है या फिर कार्रवाई के अभाव में यह झोलाछाप डॉक्टर इसी तरह फलते फूलते लोगों की जान के साथ खेलवाड़ करते रहेंगे। अब तक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर किसी भी प्रकार का अभियान नहीं चलाया जा रहा है।






इस संबंध में सोनू पांडे से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मैं उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। लाइसेंस बन रहा अभी मैं डिस्पेंसरी मेडिकल का प्रैक्टिस करता हूं। उल्टी,दस्त बुखार संहित अन्य बीमारियों का दवा और इंजेक्शन के माध्यम से इलाज करता हूं। लाइसेंस बनने के बाद मेडिकल दुकान खोलकर दवा बिक्री और इलाज किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के कोई अधिकारी जांच के लिए आएंगे तो उन्हें बताऊंगा कि किस प्रकार का इलाज यहां किया जाता है।

प्रैक्टिशनर
सोनू पांडे

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को से चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है नर्सिंग होम एक्ट के तहत जांच टीम भेज कर उचित कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने कहा के जिले में अब तक चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को

# ग्राम कोड़ा में सुशासन तिहार 2025 के तहत शिविर संपन्न, 1336 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण







-संवाददाता-
एमसीबी,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

जिले के विकासखंड खडगवां के ग्राम कोड़ा में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया यह आयोजन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुई,दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहें। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

सभी विभागों से प्राप्त कुल 1845 आवेदनों में से 1336 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 479 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि समस्याओं के तत्काल समाधान का भी एक मंच है। शिविर में देवाडांड,पैनारी,मेन्ड्रा,धवलपुर,बेलबहरा, नेवरी तथा कोड़ा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे किया जा रहा है और आप इनका लाभ कैसे ले सकते हैं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा राशन कार्ड वितरण जानकी,रामबाई,लक्ष्मनिया बाई, आसारानी,मुन्नी बाई,सुखमन बाई,प्रभा, ओमबत्ती,हरिशंकर,राधा,गीता, सोनकुंवर, रेशमी प्रधान,गनेशीया,फूलकुंवर,पुष्पा, दुर्गावती, राजकुमारी,राधा,रेशम सिंह,सरस्वती,सुनीता एवं सोनकुंवर कुन्ती को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सोनकुंवर,रामकली,सीता रजक,चंचल रजक, सरस्वती,सुनीता एवं रामबाई को गोद भराई का लाभ दिया गया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता दी जाती है। साथ ही विभाग द्वारा काजल,अंकिता,अखिल,शानवी, आनभा,अन्नू सिंह,राजेश्वरी,मुस्कान,नितिन, छबि, अनुज,शिवांश,आदित्य सिंह,बजरंग, सात्विक को सुपोषण टोकरी वितरित की गई। इस अवसर पर अशुरानी,हासिका, विज्ञानस,नन्हनी का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया,जिसमें बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मधुचंद्रवती,नवमी नारायण,ओमप्रकाश, उर्मिला,फूलकुंवर,राजकुमारी और मनीषा को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से वे अब निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा की शिविर में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो जनचेतना का प्रतीक है। मंत्री जी ने शिविर में आए सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बरसात से पहले सीमांकन, नामांतरण जैसे ज़मीनी मामलों को पूरा करने पर विशेष ज़ोर दिया। पटवारियों की कमी को स्वीकारते हुए मंत्री ने उनके सहयोग की आवश्यकता बताई और कहा कि भूमि के लिए अब केवल तीन पीढ़ियों का कब्जा नहीं,बल्कि निवास प्रमाण पत्र को भी पर्याप्त माना जाएगा। इसके लिए ग्रामसभा से सत्यापन कराने की व्यवस्था सुझाई गई। पर्यावरण को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने की अपील की और जंगलों को बचाने का आग्रह करते हुए हवा और पानी की महत्ता पर प्रकाश डाला। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उन्होंने बताया कि सरकार दावा लागू की गाई महतारी वंदन योजना का लाभ अब ज़्यादा से ज्यादा पात्र महिलाओं को मिल रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। मंत्री जी ने सरपंचों से कहा कि वे निजी लाभ से ऊपर उठकर गांव के समग्र विकास को प्राथमिकता दें।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य ममता सिंह, रामजीत लकड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम,जनपद सदस्य गनराज सिंह, शिवरतन सिंह,नगर पालिका परिषद धर्मेंद्र पटवा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, पूर्व जनपद सदस्य पवन नेटी,अंकित शर्मा,सरपंच सुनीता सिंह, सोनकुंवर, कलावती, प्रताप सिंह, रामभजन सिंह,तेरसिया,रीता देवी एसडीएम विजयेन्द्र सारथी,तहसीलदार सीधी गबेल,सीईओ रूपेश बंजारे,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## तलवार लहराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
रामचंद्रपुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

चौकी डिंडो बलरामपुर जिला के त्रिकुंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डिंडो चौकी में दिनांक 24/05/2025 को प्रार्थी मोती लाल पिता रामप्रसाद गोंड,उम्र 30 वर्ष, निवाशी ब्राहनगर, जिला बलरामपुर द्वारा उपस्थित होकर लिखित आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि,दिनांक 24/05/2025 के शाम 05:30 बजे रामप्रसाद गोंड का बैल बराहनगर रोड के पास था उसी समय वाड्रफनगर तरफ से अलटो कार वाहन के चालक विकास दुबे के द्वारा तेज रफ्तार में वाहन चालक सवार बैल को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। उपस्थित ग्रामीणों की समझाइए देने पर तलवार निकाल कर लहराते हुए बैल मालिक को धमकाते हुए कहा मेरा गाड़ी का का जो नुकसान हुआ है वह पैसा तू ही भरेगा क्योंकि बैल आपकी है बैल मालिक गांव वाले के द्वारा बी बचाव करने पर विकास दुबे नामक चालक ने अपने कार से तलवार निकाल कर लहराने लगा, तथा धमकी देने लगे कि गाड़ी खराब हो गया पैसा देना पड़ेगा। जिस पर पुलिस चौकी विंडो ने आरोपी विकास दुबे पर आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया तथा घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर, मामले में तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त होने पर चौकी प्रभारी डिंडो के द्वारा मौके पर जा कर आरोपी विकास दुबे वाड्राफनगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं उसके कब्जा से एक लोहे का तलवार एवं बिना नंबर अल्टो कार को जप्त किया गया है। आरोपी विकास दुबे पिता मिथलेश दुबे उम्र 26 वर्ष निवाशी वाड्राफनगर के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराना पाए जाने से आरोपी को दिनांक 25/5/25 को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 33/2025.को धारा 281. 325.3(5) बी एन एस एवं 25.27 आर्म एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गयान्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक गजपति मिर्रे चौकी प्रभारी डिंडो सहायक उपनिरीक्षक मर्यानुस खालको जुनाश केरकेट्टा आरक्षक नंदलाल गोस्वामी, राम पुकार शिवनारायण एवं चौकी डिंडो के स्टॉप सक्रिय रहे।

## शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के साथ लगातार दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पीड़िता का सोलह वर्ष की उम्र से करता रहा दैहिक शोषण,गर्भवती होने पर दबाव देकर कराया गर्भपात**



-संवाददाता-
रामचंद्रपुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर थाने मैं एक पीड़िता के द्वारा 25 में 2025 को आरोपी मुकेश सिंह पिज़्ज़ा राजेंद्र सिंह उम्र 22 वर्ष जाति ख़ैरवार निवासी रामचंद्रपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज के विरुद्ध आवेदन देकर यह शिकायत दर्ज कराई है की आरोपी मुकेश सिंह 2021 से शादी का झांसा देकर लगातार मेरा दैहिक शोषण करता आ रहा है। पीड़िता के द्वारा 2023 में आरोपी के द्वारा जल्द शादी करने की दबाव डालकर दवाई खिलाकर गर्भपात भी कराया गया है पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी मुकेश सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मुकेश सिंह पिता राजेंद्र सिंह उम्र 22 वर्ष जाति ख़ैरवार ग्राम रामचंद्रपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज का रहने वाला है जिस पर पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी मुकेश सिंह के द्वारा 2021 से शादी करने का झांसा देकर लगातार देहित शोषण करता रहा था। जिसके कारण वह गर्भवती हो गई थी. 2023 में आरोपी मुकेश सिंह के द्वारा जल्द शादी करने का वादा कर दवाई खिलाकर गर्भपात कराया गया जिससे सुब्ध होकर 25 5.2025 को पीड़िता के द्वारा आरोपी मुकेश सिंह पर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश सिंह को गिरफ्तार कर पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना रामचंद्रपुर में अपराध क्रमांक 13 /2025. धारा 376 (2- ढ) 313 भादवि 04.06 पॉक्सो एक्ट कायम कर कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय मैं प्रस्तुत कि जहां से आरोपी मुकेश सिंह को जेल के सलाखों के पीछे भेजा गया


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि- 21/05/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करे http://eproc.cgstate.gov.in
2. संबंधित संभाग-स.क्र.1 मनेन्द्रगढ़ स.क्रं.2 से 6 पत्थलगांव एवं स.क्र. 7 अम्बिकापुर संभाग
3. स.कं. 01 से 02 - 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्रं. 03 से 07 - 'द' वर्गएवं ऊपर के ठेकेदार
4. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 12/06/2025

| स.क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 25 | जिला एमसीबी के आंधीबर से लोहारपारा पहुंच मार्ग लंबाई 1.32 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 146.19 |
| 2 | 26 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गो एवं ग्रामीण मार्गो में बी.टी. पैच रिपेरिंग का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 130.00 |
| 3 | 27 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 02 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो,पुलियों में विशेष मरम्मत का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 40.00 |
| 4 | 28 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.01 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो,पुल पुलियों में विशेष मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 50.00 |
| 5 | 29 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.1 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्लू एम.एम. पेच रिपेयर का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 80.00 |
| 6 | 30 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 02 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गो एवं ग्रामीण मार्गो के बी.टी.पैच रिपेयर का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 20.00 |
| 7 | 31 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.1 अम्बिकापुर अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी.पैच मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 45.00 |

जी नंबर-252601105/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर


## देवी अहिल्याबाई होल्कर के जयन्ती पर जिले के विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन








-संवाददाता-
सुरजपुर,25 मई 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कमलेश नन्दनी साहू के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी, भारती वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक,शशिकान्त सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 25.05.2025 को जिले के विभिन्न विद्यालयों में देवी अहिल्याबाई होल्कर के जयन्ती के अवसर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर के छाया चित्र पर धूप दीप एवं माल्यार्पण कर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। देवी

अहिल्याबाई होल्कर का ( जन्म 31 मई 1725 एवं मृत्यु 13 अगस्त 1795) 18वीं शताब्दी की असाधारण शासक और लोकमाता थी,उनमें कुशल प्रशासक, न्यायप्रीय,दुरदर्शी सोच,जनकल्याणकारी कार्य, वीर योद्धा सैन्य रणनीतिकार,धार्मिक एवं नैतिक आचरण,महिला सशक्तिकरण की समर्थक तथा उन्होने पूरे भारत में 300 से अधिक मंदिरों और अन्य धार्मिक संस्थानों का निर्माण और जीर्णोधार करवाया,जिनमें काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिर प्रमुख हैं। सामाजिक सुधार रूप में स्कूलों और अस्पतालों की स्थापना की जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। उन्हें लोकमाता, पुण्यश्लोका और न्याय की देवी जैसे विशेषणों से सम्मानित किया जाता है। उनका जीवन,कार्य और उपलब्धीयां भारतीय इतिहास में प्रेरणा का स्त्रोत हैं। जिले के कस्तुरबा गान्धी आवासीय विद्यालयों,पी.एम. श्री विद्यालयों, सेजेस विद्यालयों,प्रा.शा.,मा.शा. हाई स्कूल एवं हायरसेकेण्डरी विद्यालयों में देवी अहिल्याबाई होल्कर के छाया चित्र पर धूप दीप एवं माल्यार्पण कर छात्रों के प्रतिभावों के विकास हेतु विभिन्न प्रकार से देवी अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवन परिचय,पोस्टर मेंकिंग,जीवनी पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता,चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता, कहानी का आयोजन तथा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम छात्र छात्राओं से आयोजित कर बच्चो को पुरस्कृत करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। इस अवसर पर कई विद्यालयों में शिक्षकों एवं पालकों के द्वारा बच्चों को गीत संगीत सिखाया गया एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर के जयन्ती संगीत के माध्यम से भी मनाया गया। देवी अहिल्याबाई होल्कर के जयन्ती कार्यक्रम में विद्यालय के शाला प्रबंधन के सदस्य,जन प्रतिनिधी, पालक, प्राचार्य,प्रधान पाठक,शिक्षक,शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया तथा उनके प्रेरणादायक जीवनी से सीख लेकर समाज सुधार हेतु प्रेरणा लिया गया ।

# सुशासन तिहार में सचिव की शिकायत

# शाहिद खान ग्राम पंचायत सचिव से पूरा गांव है परेशान

## आखिर ग्राम पंचायत बरदिया के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण क्यों हैं ग्राम पंचायत सचिव परेशान ?

## काफी सुर्खियों में रहते हैं शाहिद खान ग्राम पंचायत सचिव...निर्माण में करते हैं बड़े स्तर पर गड़बड़ी

-रवि सिंह-
**कोरिया,25 मई 2025 (घटती-घटना)।**




कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के वैसे तो सभी ग्राम पंचायत सचिव अपने कार्यप्रणाली और आय से अधिक संपत्ति मामले के लिए जाने जाते हैं और समय-समय पर इनकी शिकायत होती रहती है जिसका न कभी जांच होता है न ही कोई तथ्य बाहर निकलकर आता है लेकिन इसमें से एक ग्राम पंचायत सचिव को लेकर लगातार शिकायतें होती रहती हैं और शिकायत भी उस ग्राम के लोग करते हैं जिस ग्राम में इनकी पदस्थापना होती है। हाल ही में सुशासन तिहार 2025 के दौरान ग्राम बरदिया के आवेदक सचिन एवं ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान को लेकर लंबी चौड़ी शिकायत की है और सचिव शाहिद खान को बरदिया ग्राम पंचायत से हटाए जाने की मांग की गई है। ग्राम के आवेदक और ग्रामवासियों ने कई बिंदुओं में शिकायत की है और बताया है कि ग्राम पंचायत के सचिव शाहिद खान किस तरह ग्राम पंचायत में और ग्राम पंचायत स्तर के निर्माण कार्यों में मनमानी चला रहे हैं और पंचायत का मूलभूत विकास भी अवरुद्ध कर रहे हैं। शिकायत में कई विषयों का उल्लेख है जिसमें मनमानी,भ्रष्टाचार का मामला प्रमुख है। वैसे ग्राम पंचायत बरदिया के सचिव शाहिद खान के पास फिलहाल दो ग्राम पंचायतों का प्रभार है और शिकायतकर्ता का कहना है कि वह दोनों ग्रामों में ही अपनी मनमानी चलाते हैं और ग्रामीण अब उनसे परेशान हैं और इसलिए वह शाहिद खान को ग्राम से कहीं और हटाने की मांग कर रहे हैं। शहीद खान को लेकर हर उस ग्राम का यही मानना है कि वह मनमानी मात्र से ही पंचायत चलाना चाहते हैं और इसीलिए उनकी पहले भी उन ग्रामों से शिकायतें होती रहीं हैं जहां वह पहले पदस्थ रह चुके हैं। सुशासन तिहार में किए आवेदन पर ग्रामीणों का कहना है कि कोई कार्यवाही नहीं हुई ग्राम पंचायत सचिव पर और इससे उनका इस सुशासन तिहार से विश्वास घटा है और वह असंतुष्ट हैं।

## क्या हैं शिकायतें,आखिर क्यों बरदिया ग्राम के लोग ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान से हैं परेशान ?

ग्राम पंचायत सचिव बरदिया शाहिद खान को लेकर ग्राम के लोगों की क्या हैं शिकायतें आईए जानते हैं। ग्रामीणों जिन्होंने शिकायत की है उनका शिकायत में कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत के अपने कार्यालय में बिल्कुल नहीं बैठते हैं वह अपने गृह नगर पटना से ही ग्राम पंचायत का सारा काम निपटाते हैं,ग्रामीणों के फोन करने पर वह एक तरफ तो फोन नहीं उठाते हैं वहीं फोन उठा भी लिए तो वह ग्रामीणों को फोन करने पर धमकाते हैं। वहीं किसी जरूरत पर ग्रामीणों को ही ग्राम के सचिव के पास जाना पड़ता है और घर जाकर भी उनकी नाराजगी झेलनी पड़ती है,पंचायत की कार्ययोजना भी ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान घर पर ही बनाते हैं और इसके लिए वह पंचायत प्रतिनिधियों का भी राय लेना उचित नहीं समझते,ग्राम के किसी भी तरह के निर्माण कार्य का वह खुद ही देखरेख करते हैं यहां तक कि वह खुद निर्माण कार्य करवाते हैं और जो गुणवत्ताविहीन होता है। वह एक ठेकेदार बन चुके हैं ऐसा भी आरोप ग्रामीणों का है,ग्रामीणों ने शिकायत में यह भी उल्लेखित किया है कि शाहिद खान के द्वारा पहले भी स्ट्रीट लाइट मामले में राशि का गबन किया गया है,पंचायत भवन से कुर्सी,टेबल,कंप्यूटर,वाइफाई सभी कुछ वह घर ले जा चुके हैं,छूहीया घाट का निर्माण भी सचिव शाहिद खान ने खुद के लाभ के लिए किया है और जिसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है यह भी ग्रामीणों की शिकायत है।ग्राम पंचायत सचिव पर बरदिया के सचिव कर एक गंभीर आरोप ग्रामीणों ने यह भी लगाया है कि उनके द्वारा पंचायत चुनावों से पूर्व 16 वा वित्त मद से काफी राशि खर्च की गई जिसका धरातल पर कोई सबूत मौजूद नहीं है।

## संपत्ति अर्जित करने के मामले में भी है ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान का नाम है सबसे ऊपर...

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायतों के विकास की राशि केवल ग्राम पंचायत सचिवों के विकास पर खर्च हो रही है वहीं ग्रामों का हाल वहां के निर्माण कार्यों का हाल बद से बदतर हो चुका है,ग्रामीणों के अनुसार वैसे तो सभी ग्राम पंचायत सचिव ग्रामों के विकास की राशि से धन्ना सेठ बन चुके हैं लेकिन इनमें से जो ज्यादा संपत्ति अर्जित कर चुके हैं इनमें पहला नाम शाहिद खान जैसे ग्राम पंचायत सचिवों का है,कम वेतन के बावजूद इनका रहन सहन और इनकी संपतियों का यदि ब्यौरा निकाला जाए यह इतनी सम्पत्ति अर्जित कर चुके हैं कि जो इनके वेतन की आय से अर्जित कर पाना नामुमकिन है,ग्रामीणों का का यह भी कहना है कि सबकुछ ऊपर तक तय है इसलिए ही ग्राम पंचायत सचिवों का जीवन स्तर ग्रामों से ऊपर है और वह ग्रामों के विकास मद से खुद विकसित हो चुके हैं।

## सुशासन तिहार समाधान शिविर में भी पहुंचे ग्रामीण, ग्राम पंचायत सचिव पर फिर भी नहीं हुई कार्यवाही,ग्रामीण हुए निराश

ग्राम पंचायत बरदिया के शिकायतकर्ता सचिन सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वह सुशासन तिहार के समाधान शिविर में भी पहुंचे और स्थानीय विधायक की मौजूदगी में ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान की शिकायत की और उसे ग्राम से हटाने की मांग की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई,ग्रामीणों का कहना है कि इससे ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान का मनोबल और बढ़ा है और वह कार्यवाही न होने को लेकर अपनी जीत बता रहा है,ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें सुशासन तिहार से उम्मीद थी और उन्हें प्रदेश सरकार के इस अभियान से यह भरोसा हुआ था कि उनकी मांग उनकी समस्या का निराकारण होगा जो नहीं हुआ जिससे उनका मन निराशा में डूब चुका है और वह सुशासन तिहार के आयोजन से निराश मात्र हैं वहीं उनका विश्वास इस सुशासन तिहार से सरकार की नीतियों के प्रति मजबूत नहीं हुआ है।

# वन भूमि पर कब्जा कर बना लिए थे 11 अवैध मकान

## वन विभाग ने बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज,अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने नोटिस जारी कर दी गई थी मोहलत

-संवाददाता-
**रामानुजगंज,25 मई 2025 (घटती-घटना)।**



बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र अंतर्गत विजयनगर सर्किल के चुमरा बीट के वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक पी 3461 में 11 लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर घर बना रखा था। वन विभाग द्वारा इन कब्जाधारियों को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था,इसके बाद भी उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। इस पर वन अमले ने कार्रवाई करते हुए सभी 11 अवैध मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

आपको बता दें कि वन भूमि पर वली मोहम्मद के 5 बेटों असगर,इब्राहिम,इस्माइल,आबिद, उख्तार तथा मंसूर खान पिता इदरिश खान के अलावा संतोष गुप्ता पिता नारायण गुप्ता, नेयाजुद्दीन पिता इदरीस, राजामुन्ना पिता रामनाथ,रामशरण पिता सोमारू खैरवारव रघुनन्दन पिता नधीरा द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाए गए थे। वन विभाग द्वारा पूर्व में इन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद भी अतिक्रमण खाली नहीं करने पर वन अमले द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई। डीएफओ आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन में वन अमले ने प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से वन भूमि पर कब्जा कर बनाए गए 11 मकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में उप वनमंडलाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय,प्रशिक्षु एसीएफ विकास निकुंज,वन परिक्षेत्राधिकारी रामानुजगंज नखिल सक्सेना,वनपरिक्षेत्राधिकारी चान्दो अमूल रतन राय सहित विभिन्न परिक्षेत्रों के रेंजर,पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रहे। वनमण्डलाधिकारी ने कहा है कि इस प्रकार के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

-संवाददाता-
**सूरजपुर,25 मई 2025 (घटती-घटना)।**



ग्राम बटई चौकी रेवटी निवासी रामजतन सिंह ने चौकी रेवटी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2024 में इसकी पुत्री का तेन्दुपत्ता प्रबंधक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर अब्दुल रहीम के द्वारा कई किस्तों में 3 लाख रूपये नगद लिया गया, काफी समय बीत जाने के बाद भी पुत्री की नौकरी नहीं लगा और न ही पैसा वापस किया। अब्दुल रहीम के द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करना पाए जाने पर अपराध क्रमांक 35/2025 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने धोखाधड़ी के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। चौकी रेवटी पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान चलगली में घेराबंदी कर आरोपी अब्दुल रहीम पिता अब्दुल अजीज उम्र 47 वर्ष ग्राम मानी, थाना प्रतापपुर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने नौकरी लगाने के नाम धोखाधड़ी कर रकम लेना और 2 लाख 45 हजार रूपये को एक अन्य व्यक्ति को देना बताया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है वहीं एक अन्य फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी रेवटी कृष्णा सिंह,एएसआई ज्ञानचंद, प्रधान आरक्षक शरद सिंह,शिव राजवाड़े,आरक्षक बिरन सिंह व राजू मरकाम सक्रिय रहे।



## मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले 12 बुलेट चालकों से 27 हजार का अर्थदंड वसूला गया

-संवाददाता-
**कोरबा,25 मई 2025 (घटती-घटना)।**

यातायात पुलिस विभग ने दुपहिया गाड़ी चलाने वालों को समझाईस देते हुए कहा है कि अनावश्यक साइलेंसर में बदलाव ना करें और ना ही इसका उपयोग करें। पुलिस ने अभियान के तहत 12 बुलेट मोटर साईकल से मोडिफाइड साइलेंसर हटाने के साथ साइलेंसर को जब्त कर लिया,साथ ही उनके चालकों पर 27600 का जुर्माना भी लगाया गया। जानकारी के अनुसार आम लोगों ने शिकायत की थी कि ऐसे मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग होने से कानों पर बुरा असर पड़ रहा है। इनके जरिए निकाली जा रही पटाखा और कर्कश आवाज आवागमन में बाधक बन रही है। इसके चलते दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ रहे हैं। अधिकारियों के निर्देशन में यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थान स्तर पर 12 बुलेट गाड़ी से मोडिफाइड साइलेंसर हटाए । बताया गया कि इन मामलों में संबंधित लोगों पर 27600 का अर्थदंड लगाया गया हैं। यातायात पुलिस ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही। उल्लेखनीय हैं की 3 दिन पहले ही जिला यातायात पुलिस ने 17 गाडियों को जब्त कर उन पर अर्थदंड लगाया था। पुलिस द्वारा बताया गया कि लगातार वाहन चालकों को जागरूक करने के बावजूद नहीं मानने पर कार्यवाही की जा रही हैं।

# टुल्लू पंप लगाकर पानी की चोरी करने वालों पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
**कोरबा,25 मई 2025 (घटती-घटना)।**



कोरबा जिलान्तर्गत नलों में टुल्लू पंप लगाकर पेयजल की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर निगम ने कार्यवाही करते हुए वार्ड क्र. 14 चिमनीभट्ठा में 12 टुल्लू पंप की जप्ती की है, तथा संबंधितों को चेतावनी दी गई है कि वह दोबारा टुल्लू पंप न लगाये अन्यथा और अधिक कड़ी कार्रवाई होगी, अर्थदंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नियमित रूप से सुबह-शाम दिन में दो बार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति वितरण पाईप लाईन व नल कनेक्शन के माध्यम से निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में की जाती है, निगम का प्रयास रहता है कि सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे तथा नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, किंतु कतिपय लोगों द्वारा अपने नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर अपने घरों में ज्यादा पानी खींचा जाता है, जिससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा उन्हें आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाता है, इस दिशा में आवश्यक कदम उठाते हुए निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बस्तियों में भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है तथा जिन लोगों द्वारा टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जा रहा है, उनके टुल्लू पम्पों को जप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। पूर्व में वार्ड क्र. 06 करामत अली गली में 08 नग टुल्लू पंप जप्त किए गए थे, इसी कड़ी में निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने वार्ड क्र. 14 चिमनीभट्ठा मोहल्ले में 12 नग टुल्लू पम्प जप्त किए। साथ ही साथ नगर निगम कोरबा के पेयजल विभाग के द्वारा संपूर्ण निगम क्षेत्र के विभिन्न निर्धारित प्वाइंटों पर नियमित रूप से पेयजल शुद्धता की जांच की जा रही है इस हेतु विभिन्न बस्तियों में बिछाई गई पेयजल वितरण पाइपलाइन के विभिन्न प्वाइंटों से पानी के नमूने लेकर उनका मौके पर ही वैज्ञानिक रूप से परीक्षण किया जा रहा है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपूर्त किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

# अडानी पॉवर प्लांट में पुनःहुआ हादसा-प्रबंधन पर लगे गंभीर आरोप

-संवाददाता-
**कोरबा,25 मई 2025 (घटती-घटना)।**



कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पताढ़ी में स्थित अडानी पॉवर प्लांट में पुनः हादसा होने से एक मजदुर की मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार ग्राम कापन निवासी सतीश शांडिल्य पिता लालाराम 31 वर्ष शनिवार शाम लगभग 4 बजे करीब 2.5 मीटर गहरे गड्ढे में वेल्डिंग का कार्य कर रहा था तभी अचानक मिट्टी धसने से सतीश की मृत्यु हो गयी। वह निजी ठेका कंपनी पावरमेक मे वेल्डिंग हेल्पर के तौर पाए प्लांट में काम कर रहा था। वही अडानी पॉवर प्लांट में कार्यरत अन्य मजदूरों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा हैं कि प्लांट में सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। कार्यरत मजदूर से बिना सेफ्टी गियर, बिना प्रशिक्षण और बिना निगरानी के खतरनाक निर्माण स्थलों पर कार्य कराया जाता हैं। लगभग 8 महीने पहले अडानी समूह ने 4200 करोड़ में लैंको अमरकंटक पॉवर प्लांट खरीदा,और तब से यहां निर्माण कार्य अंधाधुंध तेजी से चल रहा है। लेकिन मुनाफा कमाने की होड़ में मजदूरों की सुरक्षा और जीवन को नजर अंदाज किया जा रहा हैं। बताया जा रहा हैं की हादसे के बाद पावर प्लांट प्रबंधन के द्वारा अस्पताल प्रबंधन पर रात में ही पोस्टमार्टम कराने का दबाव डाला गया, ताकि खबर न फैल सके। अन्य साथी मजदूरों ने बताया कि जिस जगह वह मजदूर काम कर रहा था, वहां पहले से मिट्टी धंसने की आशंका थी। लेकिन प्रबंधन ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया। मिट्टी में दबने के करीब आधे घंटे बाद उस मजदूर को निकाला गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों और साथी मजदूरों के बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं। मजदूरो ने चेतावनी देते हुए कहा हैं की यदि दोषियों पर आपराधिक मामला दर्ज कर विधि-सम्मत कार्यवाही नहीं की गई और मृतक के परिजन को मुआवजा व प्लांट में परमानेंट नौकरी नहीं दी गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। पूर्व मे भी यहां एक युवक की करेंट में लगने से मृत्यु हो गई थी।


CMYK

# थर्ड अंपायर के फैसले पर भड़की पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा

### लिखा-ऐसी गलती के लिए कोई जगह नहीं

**नई दिल्ली,25 मई 2025।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आईपीएल 2025 के सीजन में खेल रही पंजाब किंग्स की टीम ने प्लेऑफ में अपनी जगह तो पक्की कर ली है, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 24 मई को खेले गए लीग स्टेज के मुकाबले में मिली उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वहीं इस हार से उनके लिए अब टॉप-2 पर रहते हुए खत्म करना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। इस मैच में थर्ड अंपायर के एक फैसले को लेकर भी विवाद देखने को मिला जिसमें पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अपने गुस्से को जाहिर किया है।

### इस वजह से तीसरे अंपायर पर भड़की प्रीति जिंटा





दिल्ली कैपिटल्स टीम के खिलाफ पंजाब किंग्स को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला जिसमें उन्होंने 20 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 206 रनों का स्कोर बनाया था। उनकी पारी के 15वें ओवर के दौरान शशांक किंग्स ने मोहित शर्मा की बाहर जाती गेंद पर लॉन्ग ऑन पर बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया जिसमें गेंद एक समय छक्के के लिए जाते हुए दिखाई दी। उसी समय वहां पर फील्डिंग कर रहे करुण नायर ने गेंद को रोकने का प्रयास किया जिसके बाद उन्होंने उसे रोक तो लिया लेकिन तुरंत ही अंपायर की तरफ छक्के का इशारा कर दिया। करुण नायर के अनुसार छक्का हो गया था। फिर भी मामला थर्ड अंपायर के पास पहुंचा और उन्होंने उसे सिक्स मानने से इनकार कर दिया जिससे पंजाब किंग्स को जहां सिक्स मिलना चाहिए वहां पर उन्हें सिर्फ एक रन के साथ संतोष करना पड़ा।

### इतनी सारी टेक्नोलॉजी होने के बाद ऐसी गलती बर्दाश्त के बाहर

प्रीति जिंटा ने इस मुकाबले के बाद थर्ड अंपायर के फैसले को लेकर अपना गुस्सा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जाहिर किया जिसमें उन्होंने लिखा कि IPL जैसे हाई प्रोफाइल टूर्नामेंट में जहां पर इतनी सारी टेक्नोलॉजी है उसके बावजूद भी थर्ड अंपायर ऐसी गलती करते हैं तो फिर यह चीज बर्दाश्त के बाहर है। ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। मैच खत्म होने के बाद मैंने करुण नायर से बात की और उन्होंने खुद कंफर्म किया कि वो छक्का ही था। बता दें कि पंजाब किंग्स को अभी लीग स्टेज में अपना आखिरी मुकाबला खेलना है जो 26 मई को मुंबई इंडियंस की टीम के खिलाफ है।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में चिली को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली,25 मई 2025।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को अर्जेंटीना के रोसारियो में चिली पर 2-1 से जीत के साथ अपने मैत्रीपूर्ण चार देशों के टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39%) और कनिका सिवाच (58%) गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। चिली के लिए एकमात्र गोल जावेरिया सेंज (20%) ने किया। चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को दूसरे क्वार्टर में मामूली बढ़त दिलाई। हालांकि, भारत ने तीसरे क्वार्टर में 39 वें मिनट में सुखवीर कौर के सौजन्य से बराबरी का गोल करके तुरंत जवाब दिया। मैच के अंतिम क्षणों में,कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में विजयी गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। टीम का अगला मैच 26 मई को उरुग्वे के खिलाफ होगा। मैत्रीपूर्ण मैचों के महत्व के बारे में बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा,हम इस साल के अंत में जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं,और चूंकि रोसारियो का दौरा चार देशों का टूर्नामेंट है,इसलिए हम विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य जितना संभव हो उतना अनुभव हासिल करना और पिछले प्रदर्शनों के आधार पर यह आकलन करना है कि हमने कितना सुधार किया है। विपक्षी टीमों के बारे में पूछे जाने पर, खांडेकर ने कहा,जब भी आप कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं-चाहे वह दौरा हो,द्विपक्षीय श्रृंखला हो, टेस्ट मैच हो या टूर्नामेंट हो-आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। इसलिए,उद्देश्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना और अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करना होता है,चाहे प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो। इस टूर्नामेंट में हमारा मुख्य ध्यान अपनी रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना और लड़कियों को यथासंभव अधिक से अधिक मैच खेलने का मौका देना होगा, ताकि वे जूनियर विश्व कप से पहले आवश्यक अनुभव और आत्मविश्वास हासिल कर सकें।

## संक्षिप्त खेल खबर

### ली शि फेंग से हारकर श्रीकांत उपविजेता बने



**नई दिल्ली,25 मई 2025।** किदांबी श्रीकांत को मलेशिया ओपन 2025 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा, रविवार को उन्हें चीन के ली शि फेंग से मात्र 36 मिनट में 11-21,9-21 से हार का सामना करना पड़ा।पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद, श्रीकांत खिताबी मुकाबले में कोई वास्तविक चुनौती पेश करने में असमर्थ रहे। 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी लगभग छह वर्षों में अपने पहले बीडब्ल्यूएफ फाइनल में पहुंचे थे, इससे पहले वे 2019 में इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे। यह एक बहुत अच्छा सप्ताह रहा है। यह मेरा तीसरा टूर्नामेंट है। मैंने पहले दो में भी अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वास्तव में वे मैच नहीं जीत सका। लेकिन अब तक जिस तरह से खेल खेला गया, उससे मैं बहुत खुश हूं, श्रीकांत ने मैच के बाद कहा।

### शुभमन गिल ने रिटायर्ड दिग्गजों पर किया खुलासा



**नई दिल्ली,25 मई 2025।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला। शुभमन गिल का भारत के दो बेहतरीन क्रिकेटरों रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ मधुर संबंध है। अब वह टेस्ट कप्तानी संभालकर उनकी जगह ले रहे हैं, यह एक ऐसी भूमिका है जिसे उनके दो वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बखूबी निभाया। गिल खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इन दो महान खिलाड़ियों के साथ मैदान और ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिला और उन्होंने उनके विपरीत व्यक्तित्वों को भी करीब से देखा।

## बिहार में खेलो इंडिया गेम्स की धूम रही

### पीएम मोदी ने युवा प्रतिभा और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की

**पटना,25 मई 2025।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार में हाल ही में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 को बड़ी धूम और भारत की बढ़ती खेल भावना का प्रमाण बताया। उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन और देश के युवा एथलीटों की बढ़ती वैश्विक पहचान पर प्रकाश डाला। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 122 वें एपिसोड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हाल ही में खेलो इंडिया गेम्स की धूम रही। बिहार के पांच शहरों में खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी की गई। वहां विभिन्न श्रेणियों के मैच आयोजित किए गए। पूरे भारत से वहां पहुंचने वाले एथलीटों की संख्या 5,000 से अधिक थी। इन एथलीटों ने बिहार की खेल भावना और बिहार के लोगों द्वारा दिखाई गई गर्मजोशी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संस्करण वैश्विक मंच पर भारतीय खेलों के लिए एक नया मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बिहार की धरती बहुत खास है। इस आयोजन में कई अनूठी चीजें हुईं। यह खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पहला संस्करण था, जो ओलंपिक चैनल के माध्यम से पूरी दुनिया तक पहुंचा। दुनिया भर के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखा और सराहा। मैं सभी पदक विजेताओं,खासकर शीर्ष तीन विजेताओं-महाराष्ट्र,हरियाणा और राजस्थान को बधाई देता हूं। शानदार प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा,इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकॉर्ड बने। भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र की अस्मिता ढोने,ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया। महार के साईराज परदेसी ने तीन रिकॉर्ड बनाए। एस्पेनयोल ने ला लीगा में बढ़त बनाए रखी,लेगानेस नीचे उन्होंने विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग लेने वाले एथलीटों की भी प्रशंसा की, उन्होंने कहा, एथलेटिक्स में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान तथा राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार बिहार ने भी 36 पदक जीते। युवा प्रतिभाओं को निखारने में ऐसे टूर्नामेंटों की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, जो खेलता है, वही खिलता है। युवा खेल प्रतिभाओं के लिए टूर्नामेंट का बहुत महत्व है। ऐसे आयोजन भारतीय खेलों के भविष्य को और बेहतर बनाएंगे।



## संजू ने जापान की कोकुफू को हराकर 60 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**बैंकॉक,25 मई 2025।** राष्ट्रीय खेलों की कांस्य पदक विजेता संजू एम.एस. ने बैंकॉक में चल रहे चौथे थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग 2025 के महिला 60 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अपनी आक्रामक मुक्केबाजी शैली का लाभ उठाते हुए जापानी प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया। इस बीच, सेना के खिलाड़ी और राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता पवन बर्तवाल ने पुरुषों के 55 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती दौर में अपने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए अपने आक्रामक इरादे और बेहतरीन डिफेंस का भरपूर इस्तेमाल किया। भारत ने विश्व मुक्केबाजी समर्थित एशियाई संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित मुक्केबाजी टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय मजबूत दल उतारा है,



जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, दक्षिण कोरिया और मेजबान थाईलैंड जैसे शक्तिशाली देशों के प्रतिभाशाली मुक्केबाजों ने भाग लिया है। संजू ने जापान की सारी कोकुफू को 5:0 से हराया, जबकि बार्टवाल ने थाईलैंड की थानारत सेंगफेट को 4:1 से हराया।

## आर्सेनल ने बार्सिलोना को 1-0 से हराकर महिला चैंपियंस लीग जीती

**लिस्बन,25 मई 2025।** स्टिना ब्लैकस्टेनियस के गोल की बदौलत आर्सेनल की महिलाओं ने लिस्बन में बार्सिलोना को 1-0 से हराकर 2024/25 यूईएफए महिला चैंपियंस लीग जीत ली है। 2007 की सफलता के कारण यूरोपीय चैंपियन बनने वाली एकमात्र अंग्रेजी टीम होने के बाद, आर्सेनल की महिलाओं ने अब अपने शानदार इतिहास में एक और महाद्वीपीय खिताब जोड़ लिया है, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 15 लीग खिताब, 14 एफए कप और सात लीग कप जीते हैं। पुर्तगाल में जीत टीम के लिए एक उल्लेखनीय अभियान का समापन करती है, जिसने सितंबर में पहले क्वालीफाइंग दौर में टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। ग्रुप चरणों में पहुंचने के लिए हैकेन और रेंजर्स को हराने के बाद, आर्सेनल ने नॉकआउट चरणों में पहुंचने के लिए बायर्न म्यूनिख, जुवेंटस और वेलारेन्गा से आगे रहकर काम किया, भले



ही अक्टूबर में जोनास ईडेवाल की जगह रेनी स्लेगर्स ने मैनेजर के रूप में काम किया हो।

इसके बाद उन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए नाटकीय रास्ता अपनाया, पहले चरण में 2-0 की हार को पलटते हुए क्वार्टर फाइनल में एमिरेट्स स्टेडियम में रियल मैड्रिड को 3-0 से हराया और फिर ल्योन को उनके ही मैदान पर 4-1 से हराकर कुल मिलाकर 5-3 से आगे बढ़कर लिस्बन शोपीस में अपनी जगह पक्की की। आर्सेनल की महिलाओं ने तीन बार की विजेता और पिछले धारकों को हराया, जिसमें ब्लैकस्टेनियस ने 74वें मिनट में विजयी गोल करके ट्रॉफी हासिल की, जिससे प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में आठ मैच जीतने वाली पहली अंग्रेजी टीम बन गई। स्लेगर्स, जो एक पूर्व अकादमी उत्पाद है और उसने अपने पहले पांच ग्रुप गेम जीतकर सुनिश्चित किया कि वे नॉकआउट में पहुंच जाएं, महिला चैंपियंस लीग जीतने वाली पहली डच मैनेजर बन गई हैं, और लुइस वैन गाल और फ्रैंक रिजकार्ड के बाद पुरुष या महिला प्रतियोगिता जीतने वाली तीसरी ओवरऑल मैनेजर बन गई हैं।

## टी 20 आई में वापसी करना चाहता हूं, विश्व कप मेरे दिमाग में है.:केएल राहुल

**जयपुर,25 मई 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार सत्र के बाद, दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि वह भारतीय टी20आई टीम में वापसी करना चाहते हैं, और अगले साल होने वाला टी20 विश्व कप उनके दिमाग में है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ मुकाबले में 21 गेंदों पर 35 रन बनाकर केएल ने आईपीएल के रोमांचक सत्र का अंत किया, जिसमें उन्होंने 13 पारियों में 53.90 की औसत और 149.72 की स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। वह सत्र के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी और डीसी के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। हां, मैं टी20 टीम में वापस आना चाहता हूं और विश्व कप मेरे दिमाग में है,लेकिन अभी मैं बस अपने खेल का आनंद लेने की कोशिश कर रहा हूं,राहुल ने नासिर हुसैन के साथ स्काई स्पोर्ट्स के साक्षात्कार में ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा।

## सुंदरलैंड ने नाटकीय जीत के साथ प्रीमियर लीग में जगह बनाई

**पोलैण्ड,25 मई 2025।** सुंदरलैंड ने चैंपियनशिप प्लेऑफ फाइनल में शेफील्ड यूनाइटेड को 2-1 से हराकर शानदार वापसी की,जिसमें वेम्बली में स्थानापन्न टॉम वॉटसन ने नाटकीय स्टॉपेज-टाइम विजेता गोल करके प्रीमियर लीग में अपनी वापसी सुनिश्चित की।19 वर्षीय विंगर ने बॉक्स के बाहर से शानदार लो शॉट लगाया, जिससे सुंदरलैंड की पदोन्नति सुनिश्चित हुई, जो आठ सीज़न तक शीर्ष उड़ान से दूर रहने के बाद हुई-एक अवधि जिसमें लीग वन में समय भी शामिल था। फुटबॉल में सबसे आकर्षक मानी जाने वाली इस जीत से क्लब को प्रीमियर लीग के विशाल टीवी सौदों की बदौलत अनुमानित 220 मिलियन की कमाई होने वाली है। लेकिन सुंदरलैंड के उत्साही प्रशंसकों के लिए, वित्तीय पुरस्कार दूर की बात थी क्योंकि वॉटसन के गोल ने जंगली जश्न मनाना शुरू कर दिया था। शेफ़ील्ड यूनाइटेड के लिए यह एक दिल तोड़ने वाला अंत था, जो नियमित सत्र में सुंदरलैंड से 14 अंक आगे था और फ़ाइनल के बड़े हिस्से पर हावी रहा। अविश्वसनीय रूप से, मैच-विजेता वॉटसन का अपने बचपन के क्लब के लिए अंतिम प्रदर्शन था, क्योंकि वह ब्राइटन एंड होव एल्बियन में शामिल होने के लिए तैयार है। यह अविश्वसनीय है-हम अगले सीज़न में प्रीमियर लीग में एक-दूसरे से मिलेंगे,उन्होंने कहा। मैं इस पल का हफ़्तों से सपना देख रहा था। जब मैं आया तो ऐसा लगा जैसे किस्मत ने साथ दिया हो।



## तुषार कपूर ने अपनी पहली फिल्म मुझे कुछ कहना है के 24 साल पूरे होने पर रोमांचित हुए




आपकी पहली फिल्म की यादें? आप कह सकते हैं कि यह मेरी पहली नौकरी थी। इसलिए, मैंने इसे इस तरह से देखा और मैं रोमांचित था कि मैं बिना किसी पारिवारिक समर्थन के अपने करियर की शुरुआत कर रहा था। अपने होम प्रोडक्शन से स्वतंत्र। सतीश कौशिक को एक सख्त टास्कमास्टर के रूप में जाना जाता था सतीश जी पूरे अनुभव का सबसे अच्छा और सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा थे! सबसे अच्छा इसलिए क्योंकि वे एक बिल्कुल स्वाभाविक प्रदर्शन चाहते थे, जैसे कि मैं एक अनुभवी नवागंतुक था,और सख्त इसलिए क्योंकि उन्होंने कभी भी शब्दों को नहीं तोड़ा और न ही मुझसे ऐसा करवाने के लिए अपने गुस्से पर काबू पाया! यह करीना की दूसरी रिलीज़ थी करीना हर तरह से मनमोहक थी। उनकी ताज़गी,आत्मविश्वास और जिस तरह से उन्होंने पूजा के किरदार में अपनी कोमल पक्ष को पेश किया! क्या आप उनके साथ शूटिंग से पहले से ही उन्हें अच्छी तरह से जानते थे? हाँ,लेकिन हम ज़्यादा बात नहीं करते थे क्योंकि मैं सेट पर अपनी परीक्षाओं में सफल होने की कोशिश कर रहा एक नए छात्र की तरह था और वह शायद ही कोई नई कलाकार थी जिसके पास कुछ अनुभव था! क्या मुझे कुछ कहना है वह लॉन्च था जिसकी आपको उम्मीद थी? इस फिल्म ने मुझे वह सब कुछ दिया जो एक नवागंतुक चाह सकता है-बॉक्स ऑफिस नंबर, विभिन्न तिमाहियों से आलोचनात्मक प्रशंसा और पुरस्कार भी! लेकिन सभी डेब्यू की तरह, यह केवल एक शानदार शुरुआत थी। बहुत समय पहले मुझे समझ में नहीं आया कि यात्रा अभी अच्छी तरह से शुरू हुई थी और मुझे शांत होने से पहले बहुत दूर जाना था।



## वहीदा रहमान ने सुनील दत्त को किया याद

महान वहीदा रहमान ने सुनील दत्त को एक सच्चे सज्जन के रूप में वर्णित किया। वह एक सह-कलाकार के रूप में दयालु, विचारशील और बहुत सहायक थे। दत्त साहब के बारे में जो तारीफ करें वो कम है। हम सभी अभिनेत्रियाँ उनकी उपस्थिति में बहुत खास महसूस करती थीं। एक अद्भुत दोस्त,एक समर्पित पति और एक शानदार सह-कलाकार। कोई भी महिला इससे ज़्यादा और क्या चाह सकती है? दत्त के साथ की गई फिल्मों के बारे में बात करते हुए,अनुभवी अभिनेत्री ने याद किया,मैंने दत्त साहब के साथ जो फिल्में कीं,वे बड़ी हिट नहीं हुईं। लेकिन मैंने उनके द्वारा निर्देशित रेशमा और शेरा के हर पल को संजोया। मुझे रेशमा और शेरा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। लेकिन राष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें मिलना चाहिए। रेशमा और शेरा का हर फ्रेम दत्त साहब की दृष्टि थी। 1955 में रेलवे प्लेटफॉर्म में नलिनी जयवंत से लेकर 2003 में मुन्नाभाई एमबीबीएस में रोहिणी हट्टंगड़ी तक,सुनील दत्त की अभिनेत्रियों ने हमेशा उन्हें सबसे शिष्ट और सज्जन नायक माना जिनके साथ उन्होंने काम किया।

## छल कपट:ओटीटी पर रिलीज

श्रेया पिलगांवकर छल कपटः द डिसेप्शन में मुख्य जांचकर्ता के रूप में सुर्खियों में हैं, जिसका टीज़र अभी-अभी रिलीज़ हुआ है। यह सीरीज़ बुरहानपुर में एक करीबी शादी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहाँ दुल्हन की सबसे करीबी दोस्तों में से एक की रहस्यमयी मौत के बाद उत्सव एक गंभीर मोड़ ले लेता है। जो एक खुशी के अवसर के रूप में शुरू होता है वह एक मनोरंजक हत्या के रहस्य में बदल जाता है, जिसमें छिपे हुए सच,दबी हुई शिकायतें और लंबे समय से साथ रहने वाले लोगों के बीच गहरे विश्वासघात को उजागर किया जाता है। श्रेया पिलगांवकर की मुख्य भूमिका वाली छल कपट जी-5 पर स्ट्रीम होने वाली है। प्लेटफ़ॉर्म ने हाल ही में शो का टीज़र जारी किया, हालाँकि आधिकारिक रिलीज़ की तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है। छल कपट की कहानी श्रेया पिलगांवकर छल कपटः द डिसेप्शन में एक सस्पेंस भरी जाँच का नेतृत्व करते हुए सुर्खियों में हैं। यह शो उन्हीं निर्माताओं की एक और सफल परियोजना, ग्यारह ग्यारह, कोरियन हिट सिग्नल का हिंदी रूपांतरण याद दिलाता है। ग्यारह ग्यारह में जहां अतीत और वर्तमान के बीच के अंतर्संबंधों को दर्शाया गया है, वहीं छल कपटः द डिसेप्शन में सूक्ष्मता से संकेत दिया गया है कि नौ संदिग्धों का एक छिपा हुआ इतिहास हो सकता है,जो रहस्य में एक पेचीदा परत जोड़ता है।



# झीरम घाटी हमले को लेकर गरमाई सियासत

## भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर किया हमला

**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की झीरम घाटी में हुए भयावह नक्सली हमले की आज 12 वीं बरसी है। इस दिल दहला देने वाली घटना में कांग्रेस के 27 नेताओं की जान गई थी। लेकिन 12 साल बाद भी मामले की जांच अधूरी है, जिस पर लगातार राजनीतिक बयानबाज़ी होती रही है। इस कड़ी में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने एक बार फिर कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लिया।






### कांग्रेस राजनीति से मतलबःअजय चंद्राकर

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि झीरम हमले में मारे गए नेताओं को वह श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, लेकिन उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पार्टी को न तो न्याय में रुचि है, न ही जांच में उन्हें सिर्फ राजनीतिक लाभ की चिंता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, भूपेश बघेल जब तक राजनीति में रहेंगे, तब तक झीरम का नाम लेकर राजनीति करते रहेंगे।

### नक्सल उन्मूलन ही हो रहा है प्राकृतिक न्याय

चंद्राकर ने कहा कि जिन नेताओं की झीरम में जान गई, उन्हें आज भी न्याय नहीं मिल पाया है। लेकिन नक्सल विरोधी अभियान से कुछ हद तक 'प्राकृतिक न्याय' जरूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न्याय देने के बजाय इस मुद्दे को बार-बार राजनीतिक मंच पर भुनाया है।

### कांग्रेस का घर वापसी अभियान भी दिखावा

विधायक चंद्राकर ने कांग्रेस में लौटने वाले नेताओं की खबरों पर भी तंज कसते हुए कहा कि ऑपरेशन लोनवर्राटू जैसा घर वापसी अभियान अब ठंडे बस्ते में चला गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में स्थायित्व नहीं है कभी अभियान शुरू होता है, तो कभी बंद हो जाता है। उन्होंने तंज करते हुए कहा, अगर मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस में कोई वजूद नहीं है, तो बाकी की बात ही छोड़ दीजिए।

### बस्तर की सड़कों पर स्केटिंग करें कांग्रेसःचंद्राकर

कांग्रेस द्वारा कल से शुरू हो रही 'न्याय पदयात्रा' को लेकर भी चंद्राकर ने तंज कसा। उन्होंने कहा, अब बस्तर की सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं, कांग्रेस को पदयात्रा के बजाय स्केटिंग करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियानों से कांग्रेस को कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है।



### झीरम हमले की 12 वीं बरसी पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस

झीरम घाटी नक्सली हमले की 12 वीं बरसी पर कांग्रेस ने शहादत दिवस के रूप में याद करते हुए अपने दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। बघेल ने केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि ठीक से जांच नहीं कराई।

### कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेताओं के साथ मीडिया से चर्चा में कहा कि झीरम घाटी घटना को 12 साल हो गए। कांग्रेस ने तमाम प्रथम पंक्ति के नेताओं को खोया है। आज सभी को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया है।उन्होंने कहा कि जिन्होंने सरेंडर किया, उनसे कोर्ट के आदेश के बाद भी पूछताछ नहीं हुई। एनआईए की जांच का स्तर इससे समझा जा सकता है। जितने लोग वहां गए थे, जिनको गोलियां लगी, उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि 6 महीने के अंदर सभी जेल के अंदर होंगे। हमारी सरकार में हमने मांग की हमें जांच करने दी जाए। इसमें कोई संज्ञान नहीं आया। आज-कल एजेंसियां एक ही विषय में जांच कर रही हैं।





# पंचतत्व में विलीन हुए रामजीलाल अग्रवाल

**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** रायपुर। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक, और अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक, स्वर्गीय रामजीलाल जी अग्रवाल आज पंचतत्व में विलीन हो गए। सुबह 10:30 बजे उनके पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा रामजी वाटिका,मौलश्री विहार,वीआईपी रोड स्थित निवास से प्रारंभ हुई। अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उनके पार्थिव शरीर को सर्वप्रथम मोहदापारा गौ आश्रम ले जाया गया,जहां गौसेवकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्हें रामसागर पारा स्थित उनके पुराने निवास पर ले जाया गया,जहाँ स्थानीय नागरिकों ने भी नम आंखों से विदाई दी। इसके बाद अंतिम यात्रा मारवाड़ी श्मशान घाट पहुंची, जहाँ विधिपूर्वक उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत,मंत्री रामविचार नेताम,टंकराम वर्मा,विधायक अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, इंद्र कुमार साहू,सुनील सोनी,पूर्व राज्यपाल रमेश बैस,भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय पूर्व विधायक इंद्र देव राय,संतोष बाफना,निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष गण,राजनीतिक,सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नक्सली लीडर बसवराजू के शव पर विवाद

### परिजनों ने कहा 'छत्तीसगढ़ सरकार ने शव देने से किया इंकार'.. हाईकोर्ट ने दिया था निर्देश



**जगदलपुर,25 मई 2025 (ए)।** नक्सली नेता नंबाला केशव बसव राजू के शव को लेकर विवाद शुरू हो गया है। नक्सली नेता के परिजनों ने उसके शव को नहीं देने का आरोप छत्तीसगढ़ पुलिस पर लगाया है। जबकि आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने उसके शव को परिजनों को सौंपने का निर्देश दिया था। दरअसल,आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मारे गए माओवादियों नंबाला केशव राव और सज्जा वेंकट नागेश्वर राव के परिजनों द्वारा दायर उन दो याचिकाओं का शनिवार को निपटारा कर दिया था, जिनमें छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश सरकारों को शव सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था ताकि वे उनका अंतिम संस्कार कर सकें। अदालत ने दोनों रिट याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता शव लेने के लिए छत्तीसगढ़ के संबंधित पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं। शवों के पोस्टमार्टम की स्थिति के बारे में न्यायालय के विशेष सवाल पर छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता ने बताया कि सभी शवों का पोस्टमार्टम शनिवार तक पूरा कर लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता ने अदालत को यह भी बताया कि पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## पीएम आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बनाने में छत्तीसगढ़ देश में 5 वें स्थान पर

**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई पीएम आयुष्मान वय-वंदना योजना से 70 वर्ष व अधिक आयु के नागरिकों को निः शुल्क इलाज मिल रहा है। छत्तीसगढ मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राज्य के 3 लाख 60 हजार से अधिक 70 वर्ष व अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बन चुके हैं।



इसकी वजह से छत्तीसगढ़ पूरे देश में वय वंदना कार्ड बनाने के मामले में पांचवें स्थान पर पहुँच गया है। इस मामले में राज्य ने राजस्थान, महाराष्ट्र , ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों से आगे निकलकर कीर्तिमान रच दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर लगातार आयुष्मानवय-वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिससे कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक योजनांतर्गत् निःशुल्क इलाज लाभ पाने से वंचित ना रह जाए।

## बैगा आदिवासियों के पीएम आवास निर्माण के नाम पर ठेकेदार पर 8 साल बाद हुआ एफआईआर दर्ज

» अधूरे मकान हो गए जर्जर अधूरे पड़े...

» अब तक नहीं मिल सकी सिर छुपाने की जगह...

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,25 मई 2025 (ए)।** सरकार जहां एक ओर जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास का आवंटन कर रही है, वहीं दूसरी ओर ऐसे भी मामले हैं जिसमें लोगों ने मकान बनाने के लिए ठेकेदार को रुपए दे दिए, और हुआ यह कि ठेकदार काम पूरा किए बिना ही चंपत हो गया। ऐसे ही गरीब बैगा आदिवासी परिवारों को ठेकेदार ने चूना लगा दिया।

### 8 साल से बाट जोह रही थी दंपत्ति

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2016-17 में स्वीकृत आवास अब तक अधूरे हैं और आदिवासी हितग्राही आज भी खस्ताहाल झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। यह मामला जनपद पंचायत गौरेला के धनौली गांव के बैगा पारा का,जहां के रहने वाले केशलाल बैगा और बलसिंह बैगा को योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ था। लेकिन ठेकेदार दीपक यादव ने झांसा देकर इन आदिवासियों से 2.40 लाख की रकम हड़प ली और निर्माण अधूरा छोड़ भाग गया।



### आवास योजना का रुपया निकाल कर दे दिया ठेकेदार को

कम पढ़े-लिखे आदिवासियों को भरोसे में लेकर ठेकेदार ने कहा कि वह जल्द से जल्द उनका मकान बनाकर दे देगा। इस विश्वास में उन्होंने अपने खातों में आए प्रधानमंत्री आवास योजना के पैसे सीधे ठेकेदार को सौंप दिए। ठेकेदार ने शुरुआत में थोड़ा बहुत निर्माण कार्य कराया, लेकिन घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर काम बंद कर दिया और गायब हो गया। आठ साल बीतने के बावजूद आज भी दोनों आदिवासियों के मकान अधूरे और जर्जर हालत में पड़े हैं।

### शिकायत के बाद सीईओ ने कराया एफआईआर

जब हितग्राहियों ने ठेकेदार से बार-बार संपर्क किया तो वह टालमटोल करता रहा। अंततः मामले की शिकायत जनपद पंचायत गौरेला के सीईओ से की गई। जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद सीईओ ने गौरेला थाना प्रभारी को शिकायत पत्र भेजा, जिसके आधार पर धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### एफआईआर दर्ज होने के बाद हड़बड़ाया ठेकेदार

एफआईआर दर्ज होने की खबर मिलते ही ठेकेदार दीपक यादव अब फिर से केशलाल बैगा के घर पहुंच गया है और फिर से उसी घटिया सामग्री से मकान बनाने की कोशिश कर रहा है, ताकि कानूनी कार्रवाई से बच सके। हालांकि मामले कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।




## छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग साथ श्रीमद्भगवत गीता, प्राचीन-गणित,कल्चर-ज्योतिष और संविधान की पढ़ाई करेंगे छात्र


**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग के छात्र अब अच्छे इंजीनियर ही नहीं बल्कि बेहतर नागरिक भी बनेंगे। उन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ श्रीमद्भागवत गीता का पाठ भी पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा संस्कृति, खगोल विज्ञान, ज्योतिष और संविधान की भी पढ़ाई होगी। नया पाठ्यक्रम अगले सत्र 2025-26 से राज्य में लागू हो जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में पिछले साल राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई। इस साल इसे तकनीकी शिक्षा में लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कोर्स में बदलाव किया गया है। पुराने विषयों का कंटेंट तो बदला ही गया है। इसके साथ ही चार नए सब्जेक्ट शामिल हुए हैं। इसी तरह मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एक्जिट जैसे प्रावधान किए गए हैं।

### यह विषय जुड़ेंगे...

पहले सेमेस्टर में फाउंडेशन कोर्स ऑफ एंसिएंट इंडियन नॉलेज सिस्टम।
दूसरे सेमेस्टर में श्रीमद्भगवतगीता मैनुअल ऑफ लाइफ एंड यूनिवर्स।
तीसरे सेमेस्टर में इंडियन ट्रेडिशनल नॉलेज साइंस एंड प्रैक्टिसेस।
चतुर्थ सेमेस्टर में इंडियन कल्चर एंड कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### झीरम हमले की 12वीं बरसी पर सिंहदेव का बड़ा बयान



#### यह सुनियोजित राजनीतिक हमला था

**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** झीरम घाटी हमले की 12वीं बरसी पर रविवार को कांग्रेस भवन, रायपुर में शहादत दिवस आयोजित किया गया, जहां कांग्रेस नेताओं ने हमले में शहीद हुए नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने झीरम हमले को लेकर एक गंभीर और सनसनीखेज बयान दिया। उन्होंने इसे नक्सली हमला नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक साजिश करार दिया।

### भारतमाला मुआवजा घोटाला की जांच के लिए बनेगी कमेटी



**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** प्रदेश के 11 जिलों में भारतमाला परियोजना के मुआवजा घोटाले की पड़ताल चल रही है, हालांकि इनमें से रायपुर संभाग के जिलों में यह प्रक्रिया समय के मुताबिक चल रही है, जबकि दूसरे जिलों में कलेक्टर भारतमाला घोटाले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। रायपुर संभाग के अंतर्गत रायपुर और धमतरी जिलों से कमिश्नर कार्यालय को 150 से भी अधिक शिकायतें मिली हैं। जिनकी जांच के लिए कमिश्नर ने एक टीम बनाने का फैसला लिया है।

### ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट सख्त



#### राज्य सरकार से चार हफ्तों में मांगा जवाब

**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शासकीय नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता पुष्पराज सिंह व अन्य ने अधिवक्ता योगेश चंद्रा के माध्यम से रिट याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया है कि अन्य राज्यों में यह आरक्षण पहले से लागू है,लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक इसका पूर्ण क्रियान्वयन नहीं हुआ है। मामले की सुनवाई जस्टिस अमितेश किशोर प्रसाद की एकल पीठ में हुई,जिसमें कोर्ट ने राज्य शासन से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है,वहीं याचिकाकर्ताओं को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### लिफ्ट के बहाने रायपुर में दिनदहाड़े 2.5 लाख की उठाईगिरी




**रायपुर,25 मई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। एक मोबाइल दुकान में काम करने वाले कर्मचारी से 2.5 लाख रुपये की उठाईगिरी की गई। आरोपी ने बड़ी चालाकी से लिफ्ट के बहाने कर्मचारी के बैग से नकदी पार कर दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित कर्मचारी ने खमतराई थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बेमेतरा में थाने से रेप का आरोपी फरार

#### एसपी ने पूरे थाने को किया सस्पेंड

**बेमेतरा,25 मई 2025 (ए)।** बेमेतरा जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां थानखम्हरिया थाने से रेप का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कड़ा कदम उठाते हुए थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही, फरार आरोपी की जानकारी देने वाले के लिए 5,000 रुपये के इनाम की घोषणा की गई है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)